संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com

ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 258 रविवार 20 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# उत्तरप्रदेश पर मंडराया गंगा का कहर

## घाट व खेत डूबे,दुकानें बंद,गलियों में चल रहीं नावें, पटरी से उतरा जनजीवन...

**वाराणसी,19 जुलाई 2025 (ए)।** यूपी के वाराणसी जिले में गंगा के उफान ने कोहराम मचा दिया है। जलस्तर में कुछ समय के ठहराव के बाद अचानक तेजी से बढ़ता पानी अब चेतावनी रेखा की ओर बढ़ रहा है। हर घंटे पांच सेंटीमीटर की रफ्तार से उफनती गंगा आधी रात तक चेतावनी बिंदु को छू सकती है। पानी ने घाटों, गलियों, और बस्तियों को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

### अंतिम संस्कार को लगी शवों की कतार

प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट,जहां हर शाम गंगा आरती की भक्ति में हजारों लोग डूबते हैं,अब बाढ़ की मार झेल रहा है। जल पुलिस का बूथ और घाट की ऊपरी सीढ़ियों पर बना गंगा मंदिर पूरी तरह पानी में डूब चुका है। पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन अपने सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया। मणिकर्णिका घाट, जो अंतिम संस्कार के लिए जाना जाता है, की गलियों में पानी भर जाने से दुकानें बंद हो गई हैं। अब इन गलियों में नावें तैर रही हैं, और सीढ़ियों पर ही शवों को अंतिम स्नान कराया जा रहा है। छतों पर शवदाह की प्रक्रिया चल रही है, जिसके चलते शवों की लंबी कतारें लगने लगी हैं।



### सुरक्षित ठिकानों की तलाश में निकले लोग

पुराने और नए असि घाट की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। सुबह-ए-बनारस का मंच, जहां सैलानी और स्थानीय लोग सूर्योदय का आनंद लेते हैं, अब पूरी तरह पानी में डूब चुका है। सड़क तक पानी पहुंचने में अब केवल आठ सीढ़ियां शेष बची हैं। सामने घाट के पास निर्माणाधीन हिस्से के गुंबद तक पानी पहुंच गया है, और जज हाउस की सीढ़ियों के ऊपर से पानी बह रहा है। हरिश्चंद्र घाट पर भी गलियों में शवदाह की प्रक्रिया चल रही है, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। तटवर्ती बस्तियों के निवासी अब अपने सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं।

### गंगा के पलट प्रवाह से उफनाई वरुणा

वरुणा नदी के नालों से जुड़े बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्थिति और भी भयावह है। शनिवार को धूप निकलते ही पानी में सड़ रही गंदगी की दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। सलारपुर,चमेलिया बस्ती, पुलकोहना, दनीयलपुर, और रसूलगढ़ जैसे इलाकों में दर्जनों मकानों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। गंगा के पलट प्रवाह के कारण वरुणा नदी उफान पर है, और इसका पानी नालों के माध्यम से नए-नए इलाकों में फैल रहा है। स्थानीय लोग न केवल बाढ़ के पानी से, बल्कि उसमें आई गंदगी और दुर्गंध से भी परेशान हैं।

### बाढ़ पीड़ितों को सता रहा बीमारी फैलने का खतरा

बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि अगर अगले तीन दिन तक धूप रही, तो गंदगी और सड़न के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। नगर निगम की ओर से अभी तक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं किया गया है, जिससे लोगों में गुस्सा और निराशा बढ़ रही है। सलारपुर रेलवे लाइन के किनारे और छोटी मस्जिद के पास की गलियों में भी यही हाल है। लोग सांस लेने में तकलीफ और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे हैं।

### जलस्तर खतरे का निशान पार करने की आशंका

गंगा के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि ने प्रशासन को भी हाई अलर्ट पर ला दिया है। शुक्रवार रात 8 बजे जलस्तर 68.71 मीटर था, जो सुबह 8 बजे तक 12 घंटों में 49 सेंटीमीटर बढ़कर 69.20 मीटर हो गया। इसके बाद, दोपहर तक अगले कुछ घंटों में 34 सेंटीमीटर की और वृद्धि के साथ यह 69.54 मीटर पर पहुंच गया। केवल चंद घंटों में 83 सेंटीमीटर की वृद्धि ने वाराणसी को संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार रही, तो गंगा जल्द ही चेतावनी बिंदु को पार कर सकती है, जिससे स्थिति गंभीर हो सकती है।

### किसानों की जीविका पर संकट,पानी में डूबीं फसलें

गंगा का बढ़ता जलस्तर केवल शहर तक सीमित नहीं है; तटवर्ती गांवों और ढाब क्षेत्र में भी तबाही मचा रहा है। मोकलपुर, गोबरहां, रामपुर, रामचंदीपुर, और मुस्तफाबाद रेता जैसे गांवों में खेतों में लगी लौकी, नेनुआ, करैला, परवल, और हरे चारे की फसलें पूरी तरह पानी में डूब गई हैं। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है, और उनकी आजीविका पर गहरा संकट मंडरा रहा है। मुस्तफाबाद रेता के अंत्येष्टि स्थल तक जाने वाले रास्ते पानी से घिर गए हैं, और तेज बहाव ने किसानों और स्थानीय लोगों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### थिएटर में चल रही थी एमआरआई स्कैनिंग,अचानक एक इंसान मशीन से टकराया,टूट गई हड्डी-पसली



**नई दिल्ली,19 जुलाई 2025 (ए)।** न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक ऐसा हादसा हुआ, जिसने सबके रोंगटे खड़े कर दिए। वेस्टबरी के 'नैसाउ ओपन एमआरआईसेंटर में बुधवार को एक 61 साल के शख्स की जान एमआरआई मशीन ने ले ली। दरअसल हुआ यूं कि एमआरआई मशीन के जबरदस्त चुंबक ने उनकी गले की धातु की चेन को खींच लिया, जिससे वो मशीन से जा टकराए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी हड्डियां और पसलियां टूट गईं। अस्पताल ले जाने के बावजूद उनकी मौत हो गई।

### आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़,19 जुलाई 2025 (ए)।** पंजाब में आम आदमी पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल खरड़ से आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन मान ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। एक ट्वीट के ज़रिए अनमोल गगन ने न केवल अपना इस्तीफा सार्वजनिक किया, बल्कि पार्टी और राजनीति दोनों को अलविदा कह दिया। उन्होंने लिखा मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### ईडी ने गूगल-मेटा को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,19 जुलाई 2025 (ए)।**ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स कई लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचा रहे हैं और अंततः उनकी जान ले रहे हैं। इसी कड़ी में, केंद्र ने देश भर में ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है। इसी कड़ी में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले में अपनी जाँच तेज़ गति से जारी रखे हुए है। ज्ञात हो कि इन ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में कई मशहूर हस्तियाँ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स पहले ही ईडी के सामने पेश हो चुके हैं।हाल ही में इस मामले में एक बड़ा मोड़ आया है। ईडी ने टेक दिग्गज गूगल और मेटा को भी समन जारी किया है। ईडी का आरोप है कि इन दोनों टेक कंपनियों ने अपने प्लेटफॉर्म पर उन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के लिए एक मंच उपलब्ध कराया है जो मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेनदेन और अन्य वित्तीय अपराधों के लिए जाँच के घेरे में हैं। इसी सिलसिले में ईडी ने आधिकारिक तौर पर इस महीने की 21 तारीख को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस जारी किया है। इस बात को लेकर व्यापक उत्सुकता है कि ये दोनों कंपनियाँ इस पर क्या प्रतिक्रिया देंगी।




### सफेद शर्ट-काली पेंट सिर्फ वकीलों के लिए,आम लोग नहीं पहन सकते

**नई दिल्ली,19 जुलाई 2025 (ए)।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन ने एक नया नियम लागू किया है, जिसके अनुसार अब कोई भी क्लर्क, वादकारी या आम नागरिक कोर्ट परिसर में वकीलों की तरह सफेद शर्ट और काली पैंट पहनकर नहीं आ सकता। नोटिस में एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय कोर्ट की सुरक्षा को बढ़ाने और ठगों की गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। कुछ लोग वकीलों की वेशभूषा में अनपढ़ और भोले-भाले वादकारियों को धोखा दे रहे थे। अब से, यह ड्रेस कोड केवल वकीलों के लिए ही मान्य रहेगा,जो उनकी पेशेवर पहचान और सम्मान का प्रतीक है।



# छत्तीसगढ़ से 78 लाख टन चावल खरीदेगी केंद्र सरकार

## 1,200 करोड़ रुपये के नुकसान से बचेगा राज्य

**नई दिल्ली,19 जुलाई 2025 (ए)।** केंद्र सरकार अब आठ लाख टन अधिक चावल सेंट्रल पूल में खरीदेगी। केंद्र ने 70 की जगह 78 लाख टन चावल खरीदने की स्वीकृति दी है। सीएम विष्णु देव साय ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्नदाताओं के हितों को सर्वोपरि मानते हुए राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 149.25 लाख टन धान का उपार्जन किया गया है,जो राज्य गठन के बाद अब तक की सर्वाधिक मात्रा है। उपार्जित धान का त्वरित निराकरण कस्टम मिलिंग के माध्यम से किया जा रहा है। धान खरीदी की समाप्ति तक प्रदेश को सेंट्रल अंतर्गत 70 लाख टन चावल उपार्जन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। राज्य की कल्याणकारी योजनाओं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए आवश्यक राज्य पूल के लक्ष्य के साथ मिलाकर कुल 118.17 लाख टन धान की मात्रा कस्टम मिलिंग से निराकरण के लिए निर्धारित की गई है। किसानों के हित में निर्णय लेते हुए राज्य सरकार ने अतिरिक्त धान का नीलामी के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है।




### 19 लाख टन का बायर आर्डर जारी

नीलामी के माध्यम से अब तक 19 लाख टन धान के लिए बायर आर्डर जारी किए जा चुके हैं और संबंधित क्रेताओं एवं मिलरों द्वारा उसका त्वरित उठाव भी किया जा रहा है। प्रदेश के संग्रहण केंद्रों में शेष भंडारित धान की सुरक्षा हेतु खाद्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक सावधानी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने 24 जून 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट कर केन्द्रीय पूल अंतर्गत चावल उपार्जन लक्ष्य को बढ़ाने का आग्रह किया था।

### 1200 करोड़ की संभावित वित्तीय हानि होगी कम

सीएम साय के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। यह निर्णय न केवल किसानों के हित में महत्त्वपूर्ण है, बल्कि इससे राज्य सरकार को लगभग 1,200 करोड़ रुपये की संभावित वित्तीय हानि से भी बचाया जा सका है।



### महाराष्ट्र में ऑनलाइन गेमिंग पर बैन

**नागपुर,19 जुलाई 2025 (ए)।** महाराष्ट्र सरकार ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाने की तैयारी कर रही है। इसका कारण है कि बहुत सारे युवा इन गेम्स के आदी हो रहे हैं और इससे उनकी जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है और आईटी मंत्री से भी इस पर बात की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और जल्द कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।

### गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग के लिए माफी मांगे डब्ल्यूएसजे और रॉयटर्स



**अहमदाबाद,19 जुलाई 2025 (ए)।** अहमदाबाद में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को लेकर फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स पर भ्रामक खबरें चलाने का आरोप लगाया है और दोनों मीडिया संस्थानों को कानूनी नोटिस जारी कर माफी मांगने की बात कही है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि इन दोनों मीडिया संस्थानों के रिपोर्टों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है और इससे पायलटों की छवि को नुकसान पहुंचा है।

# राष्ट्रपति मुर्मु के भेजे रेफरेंस पर एससी में 22 जुलाई को सुनवाई

- बिल की मंजूरी को लेकर दिए फैसले पर पूछे थे 14 सवाल
- सीजेआई बीआर गवई की पीठ करेगी सुनवाई
- सुप्रीम कोर्ट मंगलवार 22 जुलाई को होगी सुनवाई
- पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष मामला

**नई दिल्ली,19 जुलाई 2025 (ए)।** विधेयकों की मंजूरी के बारे में समय सीमा तय करने के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भेजे गए रिफरेंस पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। राष्ट्रपति का रिफरेंस सुप्रीम कोर्ट की जारी मंगलवार की सुनवाई सूची में पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगा है।नियम के मुताबिक राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए रिफरेंस पर सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ही सुनवाई करती है और अपनी राय राष्ट्रपति को देती है। जो पीठ मामले पर मंगलवार को सुनवाई करेगी उसमें प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा तथा जस्टिस एएस चंदुरकर शामिल हैं।



### 14 सवालों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी

सुप्रीम कोर्ट ने गत आठ अप्रैल को तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लंबे समय तक रोके रखने के मामले में दिए फैसले में राज्य के विधेयकों पर मंजूरी के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समय सीमा तय कर दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसी संबंध में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत प्राप्त शक्तियों में सुप्रीम कोर्ट को रिफरेंस (राष्ट्रपति प्रपत्र) भेज कर राय मांगी है। राष्ट्रपति ने भेजे गए रिफरेंस में कुल 14 सवालों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी है। रिफरेंस में पूछा है कि जब संविधान में विधेयकों पर मंजूरी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं है तो क्या न्यायिक आदेश के जरिए समय सीमा लगाई जा सकती है। इतना ही नहीं न्यायिक आदेश के जरिए विधेयक को कानून घोषित करने पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रपति ने पूछा है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी मिले बगैर लागू होगा।

# डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के काफिले की गाड़ी का एक्सीडेंट



**मंड्या,19 जुलाई 2025 (ए)।** कर्नाटक के मंड्या में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के काफिले की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। जानकारी के मुताबिक,डीके शिवकुमार का एस्कॉर्ट वाहन पलट गया। हादसे में चालक सहित पाँच एस्कॉर्ट कर्मी घायल हो गए। इस घटना में डिप्टी सीएम बिल्कुल सुरक्षित हैं। हादसे में वह घायल नहीं हुए। बताया जा रहा है कि ये हादसा गौडाहल्ली, टीएम होसुर के पास एक्सप्रेसवे पर हुआ। एस्कॉर्ट वाहन डिवाइडर से टकराकर बगल वाली सड़क पर जा गिरा। टक्कर के कारण कार पलट गई। हादसे में नागराजू, महेश और कार्तिक सहित पांच एस्कॉर्ट कर्मी घायल हो गए। घायलों का मैसूर अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीके शिवकुमार ने हादसे में घायल लोगों के उचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी ने अस्पताल का दौरा किया।

### पुरी में नाबालिग लड़की को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**पुरी,19 जुलाई 2025 (ए)।** ओडिशा के पुरी जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक 15 साल की नाबालिग लड़की को कुछ बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया। यह घटना शनिवार को बयाबर गांव में हुई,जब लड़की अपने एक दोस्त के घर जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, तीन बदमाश अचानक रास्ते में आए और लड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। लड़की बुरी तरह जल चुकी थी और तुरंत उसे गंभीर हालत में भुवनेश्वर के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित लड़की लगभग 70 प्रतिशत जल चुकी है।

### वाईएसआरसीपी सांसद मिधुन रेड्डी घोटाला मामले मे गिरफ्तार

**अमरावती,19 जुलाई 2025 (ए)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को वाईएसआरसीपी सांसद पीवी मिधुन रेड्डी को 3,200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया।विशेष जांच दल (एसआइटी) ने रेड्डी से कई घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें विजयवाड़ा में शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य के गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने फोन पर बताया कि हां, उन्हें गिरफ्तार किया गया है।



# संपादकीय

## छात्राओं की मानसिक दशा

बालासोर खुदकशी कांड,बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीडन् से क्षुब्ध हो कर खुद को लगाई आग, ओड़िशा कॉलेज आग खुदकशी ओडिशा में बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीडन् से क्षुब्ध हो कर परिसर में ही खुद को आग लगा ली जिसमें वह नब्बे फीसद जल गई। आखिर में छात्रा ने हॉस्पीटल में दम तोड़ा दिया। उसे बचाने का प्रयास करने वाला छात्र भी काफी झुलस गया। छात्रा ने सहायक समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीडन् की शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि प्राचार्य व शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया। यूनिसेफ की रपट कहती है,भारत में उन्नीस साल से कम उम्र 42 प्रतिशत लड़कियों की यौन शोषण होता है।द लैंसेट जरनल द्वारा 1990 से 2023 के दरम्यान किए गए अध्ययन में पाया गया कि भारत में 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियां व 13 प्रतिशत लड़के 18 साल का होने से पहले यौन हिंसा का शिकार होते हैं।पीड़ितों को तनाव,भय व मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ता-उम्र जूझना पड़ता है। स्कूल-कॉलेज, कार्यस्थल से लेकर कुटुंब के भीतर तक हो रही यौन हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बातें लंबे अरसे से की जा रही हैं।कॉलेज परिसर में खुद को आग लगाने को मजबूर इस छात्रा की शिकायत के प्रति प्रबंधन व प्राचार्य का रुख बेहद आम है जिससे छात्रों/युवाओं को बचाने व पूरी तरह सुरक्षा प्रदान करने की जरूरत है।शिक्षण संस्थानों से लेकर कार्यस्थलों तक कार्यरत आतंरिक समितियां बहुधा इसी तरह ढुल-मुल रवैया रखती हैं। मगर राज्यों में बने महिला व मानवाधिकार आयोगों के गैर-जिम्मेदाराना बर्ताव पर सरकारें चुप्पी साधे रखती हैं जबकि ये मामले त्वरित सुलटाए जाने की जरूरत होती है क्योंकि इसका सीधा असर छात्र की शिक्षा व मानसिक स्थिति पर होता है। उज्वल भविष्य का उसका स्वप्न इससे चौपट हो सकता है। बेशक,आरोपी के लिए भी मामले का निपटान शीघ्र आवश्यक है क्योंकि सिर्फ अन्य विद्यार्थी ही नहीं इससे प्रभावित होते बल्कि दोषी व आरोपी दोनों को ही साक्ष्यों, सहयोगियों,परिचितों व माजी के बर्ताव के आधार पर परख कर मानसिक प्रताड्ना से मुक्त करने का भी त्वरित प्रयास होना चाहिए।आत्मदाह करने वाली छात्रा की मानसिक दशा व अन्याय बर्दाश्त करने की सीमा को बेहद मानवीय व संवेदनशील तरीके से समझने की आवश्यकता है। प्रबंधन,लापरवाह व्यवस्था,सरकारों, न्याया प्रक्रिया से लेकर समूचे समाज को इस पर मंथन करना चाहिए।

# एनडीए में नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री के मायने क्या?



संजय गोस्वामी
मुंबई,महाराष्ट्र

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए तमाम सियासी दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर मोतिहारी से बिहार विधानसभा चुनाव का एनडीए के तरफ से कई परियोजना का शिलान्यास किया और जोरदार भाषण दिया और विकास रैली में शामिल हुए हैं। उन्होंने बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा कि बिहार की विकास यात्रा में 18 जुलाई का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। पटना से नई दिल्ली के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोतिहारी से ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के अलावा तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री हरी झंडी दिखाई।इनमें मालदा टाउन-गोमतीनगर, दरभंगा-गोमतीनगर और बापूधा मोतिहारी-आनंद विहार ट्रेनें शामिल हैं। राजेन्द्र नगर पटना से नई दिल्ली को जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन प्रतिदिन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस पिछड़े, दलितों की राजनीति करते आए हैं। मगर ये परिवार से दूर किसी को सम्मान तक नहीं देते हैं। हमें इनसे बिहार को बचाकर रखा है। नीतीश और बीजेपी की टीम ने यहां बरसों से मेहनत की है। चंद्रमोहन राय जैसी हस्तियों ने मार्गदर्शन दिया। मिलकर सुनहरे भविष्य वाला बिहार बनाना है। उन्होंने अपने भाषण के अंत में नारा दिया- बनाएंगे नया बिहार, फिर एनडीए सरकार।लेकिन हाल में हुए बिहार में इस बार का चुनाव भी मुखे य तौर पर दो धड़ों के बीच है। एक तरफ सत्तारूढ़ एन डीए है तो दूसरी तरफ महागठबंधन है। इसके पहले 30मार्च 25 क़ो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एनडीए के बाकी साथियों की मीटिंग हुई। इसमें सभी की आमराय है कि बिहार का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा इससे पहले हाल में ही बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम में बड़ा राजनीतिक संदेश दिया था . उसके बाद बिहार से ही काश्मीर के पहलगाँव में आतंकी हमले में मारे गए आतंकवादी के खिलाफ भाषण में भी एक साथ दिखे और आतंकवादी क़ो कड़ा संदेश दिया उसके बाद दिल्ली के एनडीए की बैठक में भी गए कुछ चैनलों में ऐे भी दिखाया जा रहा है कि कुछ बहसा बहसी हुई लेकिन नीतीश कुमार कहीं नहीं जाने वाले है क्योंकि उन्हें मालूम है यहाँ का वातावरण सही उधर आर जे डी के अपने घर में ही झगड़ा चल रहा क़ोई कहता है बड़ा भाई कुछ और चाहता है और बहन मिसा भारती कुछ और और पार्टी से तेज प्रसाद



यादव क़ो कुछ आपत्तिजनक ट्वीट पर 6साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया लालू यादव खुद सेहत से परेशान है उसके बदले क़ोई और लिखता है अब चुनाव नजदीक है और आरजेडी नहीं चाहेगी कि लेडीज़ का वोट कटे अतः जब अंदर ही पार्टी में ठीक नहीं चल रहा है तो जे डी यू अब आर जे डी के साथ नहीं जाएगी साथ ही नीतीश कुमार ने कुल मिलाकर ऐे संकेत दे दिया है अब एन डी ए से अलग नहीं होंगे उन्होंने स्पष्ट रूप से कई मंचों पर कहा भी है अब इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का विकास करेंगे.नीतीश कुमार जी क़ो मालूम यह अब उम्र के हिसाब से चलना होगा ऐे शायद यदि मुख्य मंत्री बने भी तो शायद ऐे आखिरी स्टेज होगा, यदि नहीं भी बन पाए तो बी जे पी अच्छे पद पर अवश्य रखेगी क्योंकि इंडि गठबंधन में सब के मत अलग अलग है और क़ोई इतनी बड़ी पार्टी नहीं है कि सरकार क़ो गिरा सके अतः मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को लेकर अभी मीडिया में काफी चर्चा हो रही है नीतीश कुमार वो शख्शियत है जो किसी के कारण नहीं अपने काम के लिए जाने जाते हैं क्योंकि जब लालू यादव की सरकार थी तो सरेआम बिहार में लूटपाट हिंसा, अपहरण, फिरौती,गुंडा गर्दी व किचरों से लहूलुहान सड़क,जुआ,रंगदारी इस कदर हावी थी कि किसी और् का डर से वोट डालना भी मुश्किल है लेकिन जब 2005 में एनडीए की सरकार आयी तो ख़राब स्थिति को सुधारना एक मुश्किल काम था जो बाद में नीतीश कुमार की सरकार ने दिखा दिया कि लूटा हुआ बिहार फिर चमकने लगा अतः बिहार में जद (यू) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद (यू) जब भी क़ोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा (रामविलास ) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है और बीजेपी 2015 के विधानसभा में अपने कुछ छोटी छोटी सहयोगी पार्टियों के सहारे केवल 55सीट पर सिमट गई थी और जद (यू) व आरजेडी को 71 व 80सीट मिले थे बिहार के मुख्यमंत्री को इतनी आसानी से समझना किसी के बस की बात नहीं है यदि कहीं वो फिर से पाला बदलेंगे तो बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती है क्योंकि आज भी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का अच्छा जनाधार है एक बार जब जद (यू) व आरजेडी का गठबंधन बना था तो मैं रिक्शा से रिक्शावाला से पूछा कि क्या भाई आप किस को वोट दे रहें हैं कहा देना तो था लालूजी को लेकिन जब गठबंधन बना है तो जद (यू) को ही सब मिलकर वोट करेंगे अतः जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में हैं तो ऐसे में बीजेपी क़ोई भी रिस्क लेना नहीं चाहेगी वहाँ अभी भी बाहुबली का राज है तभी तो लोकसभा में जेल से पेरोल पर चुनाव में बुलाया गया और बीजेपी भी जद (यू) को तोड़ने का क़ोई प्रयास नहीं करेगी क्योंकि अगर उसे तोड़ दी तो उसी का नुकसान हो सकता है क्योंकि बाहुबली सब आरजेडी या निर्दलीय चुनाव लड़ कर एक अच्छा वोट बैंक ला सकती है नीतीश कुमार पाला बदलने में माहिर हैं इसलिए इन सब बदलाव पर कुछ बोल नहीं रहें है लेकिन पर्दे के पीछे उन्हें भी पार्टी के बारे में मालूम हो रहा होगा चूंकि केंद्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है और सरकार एनडीए की है अतः क़ोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी क्योंकि श्री नीतीश कुमार जब सारा विपक्ष को एक कर दी थी ऐे सही बात है कि इंडिया गठबंधन के लोगों ने उन्हें भाव नहीं दिया और पाला बदलकर पुनः एनडीए में शामिल हो गए नीतीश कुमार को जब लगा कहीं जद(यू) में टूट होकर कहीं पीएम के चक्कर में सीएम की कुर्सी भी तेजस्वी को ना चला जाए तो प्रधानमंत्री मोदीजी के पास अन्य लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव हेतु लगा कि जद (यू) की सीट आरजेडी और कॉंग्रेस व अन्य के साथ गठबंधन से 4 से 5 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगा और ऐसे में जद(यू) का वजूद ना ख़त्म हो जाए तभी बीजेपी को भी लगा अकेले अधिक सीट मिलना मुश्किल है तो एनडीए में जद(यू) प्रधान मंत्री श्री मोदीजी के कहने पर ही शामिल हो गई और उसे सम्मानजनक सीट मिला और आरजेडी देखते रह गई और एनडीए ने चिराग और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिलकर चुनाव लड़े और बिहार के 40सीट में से एनडीए को बिहार में 40 सांसदों के चुनाव में . बीजेपी , 17. जद (यू),16,एलजेपी,6 हम 1सीट, आरएलएम यानि एन डी ए ने कुल 40 सीट पर उम्मीदवार उतारा और जिसमें से बीजेपी,12 जद (यू), 12,एलजेपी,5 और हम 1सीट यानि कुल 30 सीट झटक लिए जिसमें जद यू को 16 में से 12सीट मिला कुछ सीटों पर बहुत टफ फाइट था कुछ मुस्लिम बाहुल्य इलाका है जहाँ जद (यू) सीट लेती है अतः नीतीश कुमार जब तक हैं पार्टी आराम से चलेगी क्योंकि बीजेपी में स्व सुशील मोदी जैसा क़ोई चेहरा नहीं जो सीट ले सके और जनाधार नीतीश कुमार जैसा नहीं है जंगलराज से बिहार को बाहर लाने में जिस तरह नीतीश कुमार ने बिहार को निकाला है वैसे में जद (यू) के अस्तित्व पर फिलहाल क़ोई खतरा नहीं दिख रहा है लोकसभा के जब चुनाव परिणाम के बाद सब की धड़कन रूकी थी तभी पार्टी प्रवक्ता के सी त्यागी जी का बयान आता है कि श्री नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर मिला था और बाद में उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से हटा दिया गया और तभी तेजस्वी यादव उसका मज़ाक उड़ाते नजर आते हैं

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# मुनाफा हो रहा लड्डू निगल जाओ,मुनाफा बंद उगल दिखाओ

आज सुबह से ही एक बात सोच रही थी ऐसा क्यों ? फिर बार-बार एक सवाल मेरे मन को कसौट रहा



वीना आडवानी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

था और उसके लिए मेरा मन मुझ से ही प्रश्न कर रहा था की आखिर ऐसा क्यों और कैसे संभव है ? तभी मन में एक पंक्ति आ गई जिसे सोच कर हंसी भी आई और गंभीर भी हुई जानते हैं वो पंक्ति क्या है तो लो पढ़ो आप पाठक भी मेरे मन में उठी व्यंग्यात्मक पंक्ति जो इस प्रकार है - मुनाफा हो रहा लड्डू खाओ, मुनाफा बंद उल्टी कर जाओ ।

अब आप भी सोच रहे होंगे की इस व्यंग्यात्मक पंक्ति में आखिर क्या राज छुपा या लेखिका का भावार्थ क्या है वो क्या कहना चाहती और किस ओर इशारा कर रही है? अरे ! अरे! अरे इतने सारे सवाल मेरे चहेते पाठकों के दिल में? मैं तो दुविधा में उलझकर फिर सुलझ गई हूँ और जब सुलझी मैं तो लिख कर सुकून पा ली। चलो आप पाठकों को भी बता देती की मेरे मन में उठी पंक्तियों का भावार्थ क्या है । तो चलो पढ़ो आगे।

मतलब यह है की इंसान फायदे के लिये वो सब करता जो उसे नहीं करना चाहिए। जो नहीं करना चाहिए था फिर भी किया क्यों कि बहुत अधिक मुनाफा हो रहा था पर जैसे ही-उसी काम से मिलने वाला मुनाफा बंद हो जाए तो मुंह खोल के उसी काम को चिल्ला-चिल्ला के बता कर सबको खुद को पाक साबित करने की कोशिश करना शुरु कर दिया । क्या ये सही है ? लपेटे में तो काम करने वाला और मुंह खोलने वाला सभी आएंगे । वो कहावत है ना लालच बुरी बला है।

अरे ! पर ऐसा कैसे हो सकता है, नाक के नीचे सब हो रहा है पर कानों कान किसी को खबर ना चले ऐसा तो संभव नहीं है और जो नाक के नीचे हो रहा है उसका पर्दा फाश तब करते जब कोई नाक के नीचे हो रहे काम से प्रताड़ित होता है और तब वह अपना मुंह खोलकर पूरी दुनिया को बताता है कि फलाना व्यक्ति फलाना तरह का कार्य कर रहा है। मुंह खोलने वाला व्यक्ति तब तक चुप रहता है जब तक उसके हक में अधिकार है। जिस दिन उससे वह अधिकार छीन लिए जाते हैं उस दिन वह अपनी पूरी खुन्नस चीख-चीख कर दुनिया को बताता है कि फलाना व्यक्ति फलाना कार्य कर रहा है जो की सभी के अहित मे है। वह तब तक अपना मुंह नहीं खोलता है जब तक उसके मुंह पर भी फलाने काम का खून बराबर लग रहा है। जिस दिन उस खून का स्वाद चखने को मिलना बंद हो जाता है। वह तड़प उठता है कि अब मैं बदला लेकर रहूंगी या लेकर रहूंगा और इसी सोच के चलते वह अपना मुंह पूरी दुनिया के सामने खोलकर फलाने व्यक्ति की गहराई तक तह तक जितने भी राज छुपे हुए थे दुनिया से वह सबको बता देते हैं अगर इसे सरल भाषा में कहा जाए तो यह एक प्रकार की खुन्नस निकालने का तरीका है। मतलब अगर मुझे फायदा नहीं हो रहा है तो मैं दूसरों को भी फायदा उठाते हुए नहीं देख सकती या देख सकता । क्या करूं लेखिका हूं ना जब कहीं पर किसी भी प्रकार कि गलत खबर को सुनती हूँ ना तो मेरी कलम चुप नहीं रहती अरे चुप रहना भी नहीं चाहिए। अब एक बात बताइए हमारे घर के आसपास कोई मकान बन



रहा है तो क्या हमें इसकी भनक नहीं लगेगी बहुत से लोग तो ऐसे हैं जो पूरी जानकारी निकाल लेते हैं कि यह किसका मकान है ? कौन बनवा रहा है? कितने कमरे बना रहे है? कब रेती आई, कब गिट्टी आई, मकान बनने से संबंधित कितना सामान आ रहा है? और क्या-क्या आ रहा है मकान के आसपास रहने वाले व्यक्तियों को सब पता होता है मकान बनवाने वाला मालिक चाहे दिन में एक बार आकर चक्कर लगाए या ज्यादा से ज्यादा दो बार आकर चक्कर लगाकर जाएगा और यह दिखे की काम किस तरह हो रहा है । परंतु आस पड़ोस वाले तो नजर लगाकर बैठे रहते हैं। ना चाहते हुए भी आते-जाते उनकी नजर पड़ ही जाती है मकान पर । तो यह कैसे संभव है कि कोई इतना बड़ा महल बना ले और कानों कान किसी को खबर ना पड़े इसीलिए तो मैं यही प्रश्न खुद से कर रही हूं की इतना बड़ा मकान बनाकर कोई स्वयं के परिवार के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इस मकान के भीतर आश्रय दे और उसके मकान में गुपचुप तरीके से कारखाना भी चलाए यह कैसे संभव है ? बड़े से मकान के अंदर क्या कारखाना जो चल रहा है इसकी भनक आसपास के लोगों को भी नहीं लगेगी क्या?

चलिए मानते हैं कि मकान के भीतर जिन्हें आश्रय मिला वह तो अपना फायदा देख रहे थे । उनका दो दुगनी रात चौगुनी फायदा हो रहा था , उन्हें समय पर खाना भी मिल रहा था , तो भला वह क्यों अपना मुंह खोलेंगे । आज-कल का जमाना ऐसा ही है कि अपना उल्लू सीधा करो बाकी भाड़ में जाए दुनिया । क्या यह इंसान होकर इंसानों संग की गयी गद्दारी नहीं है। यदि कारखाना सही रूप से चलाया जाए तो और वहाँ से सही वस्तु का ही निर्माण किया जाए तो किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती बल्कि यह तो आस-पास के लोगों और समाज के लिए लाभदायक होता। परंतु इतने बड़े मकान के अंदर परिवार के साथ-साथ अपने मुलाजिमों को भी आश्रय देना और उसी बंगले के अंदर ही कारखाना खोल लेना क्या यह हज़्म करने जैसी बात है। क्या आप-पास के लोगों को कारखाने में बन रहे सामानों के बारे में थोड़ा भी शक नहीं हुआ होगा ? शक तो हुआ ही होगा परंतु मुंह कौन खोले यही सोच कर सब चुपचाप बैठकर बस तमाशा देख रहे होंगे। मुलाजिम भी बहती गंगा में अपने हाथ धोते हुए जितना बटोरना था बटोरते चले गए । पर कहते हैं ना **बकरे की माँ भला कब तक खैर मनाएगी** इस बंगले के भीतर मुलाजिमों के हुए आपसी मुठभेड़ में मुलाजिमों ने ही अपने गुस्से पर नियंत्रण खोते हुए अपना मुंह बाहर आकर पड़ोस में खोल दिया और फिर क्या था रातों-रात चल रहे कारखाने के बारे में अब तो आस पड़ोस के साथ-साथ पूरा शहर भी जानने लगा था । अभी भी सवाल यही है मेरे मन में की इतना बड़ा बंगला अगर कोई बनवा तो किसी के पास इतना पैसा कहां से आता, नियम का पालन हुआ कि नहीं ऐसे अन्य बहुत से सवाल उठते

खैर जैसे सब मौन वैसे हम मौन ,
बोलने वाले भला हम होते कौन,
पर कलम को समझाएं कौन ,
अलग-अलग,
खासियत लिये हर एक है ज़ोन।।

# मानसून सत्र में विपक्ष गरजने को तैयार पर आप-टीएमसी ने बढ़ाई दरार



अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है और उससे ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 जुलाई की शाम सात बजे ऑनलाइन होने जा रही है। यह बैठक इसलिए खास है क्योंकि विपक्ष इस बार संसद के भीतर मोदी सरकार को घेरने के लिए पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बैठक का आयोजन किया है और इसके लिए कई विपक्षी दलों के बड़े नेताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जोड़ा जा रहा है ताकि संसद में साझा रणनीति बनाई जा सके। इस बैठक में डीएमके, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), राजद, झामुमो,आईयूएमएल और वाम दल जैसे गठबंधन के अहम दल तो शामिल हो रहे हैं लेकिन आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस की दूरी ने इस एकता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हाल ही में साफ कहा कि अब उनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। उनका कहना है कि यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही सीमित था और अब पार्टी संसद के भीतर अपने मुद्दे खुद उठाएगी। दरअसल आप दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ती रही है। लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान ने दोनों दलों के बीच अविश्वास बढ़ाया। अब दिल्ली की सियासत में केंद्र सरकार से टकराव और सीबीआई-ईडी जैसी एजेंसियों की कार्रवाई के बीच आप को लगता है कि उसे अपनी स्वतंत्र सियासी पहचान बनाए रखना जरूरी है। यही वजह है कि पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से आधिकारिक तौर पर दूरी बना ली है। आप की गैरमौजूदगी विपक्षी खेमे के लिए बड़ा झटका है क्योंकि दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में वह मजबूत स्थिति में है और संसद के भीतर उसकी आवाज अक्सर मुखर रही है। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में न आने के लिए कोलकाता के 21 जुलाई के वार्षिक जलसे का बहाना दिया है। यह जलसा 1993 में वाम मोर्चा सरकार के वक्त पुलिस फायरिंग में मारे गए टीएमसी कार्यकर्ताओं की याद में होता है। लेकिन अंदरखाने खबर ये भी है कि टीएमसी का असली मकसद पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपनी अलग पहचान को बचाए रखना है। ममता बनर्जी अच्छी तरह जानती हैं कि बंगाल में कांग्रेस और वाम दल उनके प्रतिद्वंदी हैं। ऐसे में बार-बार मंच साझा करने से उनके कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा होगा। ममता बनर्जी की





राजनीति हमेशा से ये रही है कि वो राष्ट्रीय स्तर पर मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी खेमे के साथ खड़ी दिखें लेकिन बंगाल में अपनी लड़ाई कांग्रेस और लेफ्ट से अलग ही रखें। यही वजह है कि उनकी पार्टी कई बार विपक्षी मंच से दूरी भी बना लेती है। कहा जा रहा है कि अंतिम वक्त पर ममता बनर्जी या उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी डिजिटल बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन यह अब तक पूरी तरह पक्का नहीं है।

उधर कांग्रेस की पूरी कोशिश है कि विपक्ष के ज्यादातर दल एक सुर में संसद में सरकार को घेरने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी ने खुद कई विपक्षी नेताओं से फोन पर बात की है और केसी वेणुगोपाल ने भी राज्यों के नेताओं को भरोसे में लेने की कोशिश की है ताकि मीटिंग में कोई बड़ा दल न छूटे। पहले यह बैठक दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर होनी थी लेकिन कई नेताओं ने कम समय में दिल्ली आने में असमर्थता जताई तो इसका फॉर्मेट बदलकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिया गया। इससे ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जोड़ने में आसानी होगी।

शिवसेना-यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने भी संकेत दिया है कि अगर जरूरत पड़ी तो वो दिल्ली आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि केसी वेणुगोपाल का फोन आया था और उद्धव ठाकरे इसमें पूरी रुचि ले रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही जुड़ेंगे। राजद के तेजस्वी यादव भी शामिल होंगे और झारखंड से झामुमो के नेता भी बैठक में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। आईयूएमएल और वामपंथी दल भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मौजूदा सियासी हालात में इंडिया ब्लॉक के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि संसद के भीतर एकजुट रहकर सरकार को कैसे घेरा जाए। राहुल गांधी और कांग्रेस की योजना है कि ऑपरेशन सिंदूर से लेकर बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर जैसे मुद्दों को लेकर संसद में सरकार से तीखे सवाल पूछे जाएं। इसके अलावा विपक्षी खेमे को उम्मीद है कि संसद के बाहर भी इन मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरा जा सकता है ताकि आम जनता के बीच सरकार की जवाबदेही को लेकर दबाव बढ़ाया जा सके। हालांकि विपक्षी एकता की सबसे कमजोर कड़ी यही है कि जिन दलों ने गठबंधन बनाया है वो अलग-अलग राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव जैसे नेता अपने-अपने राज्यों में कांग्रेस को उखाड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं लेकिन राष्ट्रीय मंच पर इन्हें कांग्रेस की छतरी तले खड़े रहना पड़ता है। यही मजबूरी विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आती है। आप की गैरमौजूदगी और टीएमसी की झिझक यह दिखा रही है कि इंडिया ब्लॉक की एकजुटता पूरी तरह भरोसेमंद नहीं है। अगर संसद में सरकार ने इन दरारों को और बड़ा कर दिया तो विपक्ष का साझा हमला कमजोर पड़ सकता है। फिर भी कांग्रेस को भरोसा है कि जितनी भी दल शामिल होंगे, वो संसद में एक सुर में सरकार से जवाब मांगेंगे। विपक्ष की पूरी रणनीति यही है कि संसद के भीतर हंगामा कर सरकार को जवाब देने पर मजबूर किया जाए।

बीते लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया था लेकिन उसके बाद हरियाणा जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार और कुछ सहयोगी दलों की नाराजगी ने गठबंधन को झटका दिया है। शरद पवार की एनसीपी भी कई बार कांग्रेस की लाइन से अलग खड़ी नजर आई है। ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग का शरद पवार ने विरोध किया था। बाद में भले ही समाजवादी पार्टी और टीएमसी ने विशेष सत्र की मांग वाले पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन शरद पवार और आप इससे दूर रहे। इससे भी विपक्ष की साझा रणनीति पर सवाल उठते हैं।

अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि शनिवार की बैठक से क्या संदेश निकलता है और क्या ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी आखिरी वक्त पर शामिल होते हैं या नहीं। अगर टीएमसी भी पूरी तरह से दूरी बना लेती है तो संसद में विपक्ष की एकजुटता का दावा कमजोर हो जाएगा। वहीं बीजेपी इस दरार को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। फिलहाल कांग्रेस को भरोसा है कि संसद के अंदर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्ष एकजुट होकर सरकार को घेरने में कामयाब होगा लेकिन यह कितना कारगर होगा, इसका फैसला संसद के हंगामेदार मानसून सत्र में ही होगा।

## कविता
### कह गयी जिंदगी...

घटती-घटना



डॉ. सुनील चौरसिया
रमकोला, कुशीनगर
उत्तरप्रदेश

फूलों की खुशबू से महक उठी जिन्दगी
चिड़ियों के आने से चहक उठी जिन्दगी
ए कलियां, तितलियां,मचलती मछलियां
मौसमी मुस्कान से बहक उठी जिन्दगी
गन्ने का रस जस मीठी है जिन्दगी
आम के टिकोरा जस खट्टी है जिन्दगी
सावन! सांसों के सहारे सनेसा सुनाती
छोटी सी, प्यारी सी चिट्ठी है जिन्दगी
उनकी यादों की चांदनी में खिल गयी जिन्दगी
महासागर में नाव जस हिल गयी जिन्दगी
हां! ख्वाबों की दुनिया में खोया था मन
खुद से मिलते ही खोयी हुई मिल गयी जिन्दगी
जो कहना न था उनसे कह गयी जिन्दगी
वक्त की पाबंदियों को सह गयी जिन्दगी
रूह की राहत है रहनुमा की चाहत
शान्त सरिता सी शनै-शनै बह गयी जिन्दगी
माफीनामा के सहारे सावन कट रही है जिन्दगी
पूर्णिमा के चांद जस घट रही है जिन्दगी
पानी-पानी होकर पिघल रही जवानी
सीता-राम,राधेश्याम रट रही है जिन्दगी

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# कृषि मंत्री श्री नेताम ने किया नवीन तहसील कार्यालय भवन का उद्घाटन

## कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा,26 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण







**बलरामपुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** प्रदेश के अनुसूचित जाति,जनजाति विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण व अल्पसंख्यक विकास विभाग व कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम एक दिवसीय प्रवास पर बलरामपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्राम डौरा कोचली में पहुंचकर 71 लाख 12 हजार रुपये की लागत से बने नवीन तहसील कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने तहसील भवन के उद्घाटन के पश्चात तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने नये तहसील भवन का अवलोकन भी किया। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने तहसील कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने लगभग 26 करोड़ की अधिक की राशि के 61 विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 12 करोड़ 72 लाख से अधिक की राशि के 59 कार्यों का भूमिपूजन जिसमे सीसी रोड निर्माण,पुलिया निर्माण एवं 13 करोड़ 74 लाख रुपए के 2 कार्यों का लोकार्पण जिसमे उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने तहसील भवन के उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में विभिन्न विकास कार्य हो रहे है। सरकार सभी के हितों के लिए कार्य कर रही है। नये तहसील भवन से आस-पास के लोगों को काफी सुविधा होगी। भवन के निर्माण होने से राजस्व संबंधी दस्तावेजों का संधारण सही ढ़ंग से किया जाएगा। साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। इससे इस क्षेत्र के 48 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा विकासखण्ड बलरामपुर के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य सम्पादित किये जायेंगे। उन्होंने सभी सबंधितों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप सभी स्थानीय जनप्रनिधियों को अवगत करायें। उन्होंने स्वेच्छानुदान राशि के संबंध में भी क्षेत्रवासियों को अवगत कराया। कृषि मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के





किसानों को धान बेचने के पश्चात बलरामपुर बार-बार जाना पड़ता है,इसके लिए व्यवस्था को सरल बनाने के लिए सहकारी बैंक व समिति की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जाएगा। जिससे किसानों का समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में भी जानकारी देते हुए कहा कि सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्युत समस्या के समाधान हेतु विद्युत सबस्टेशन का भी प्रयास किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत खुशी का दिन है। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के द्वारा नवीन तहसील कार्यालय भवन डौरा का उद्घाटन हुआ है। तहसील भवन के निर्माण से राजस्व संबंधी कार्यों में शीघ्रता आएगी। इसके लिए उन्होंने कृषि मंत्री श्री नेताम का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री नेताम के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्य हो रहे है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री आनंद राम नेताम ने कहा कि तहसील कार्यालय डौरा के नये भवन बन जाने से दस्तावेजों का संधारण अब उचित तरीके से होगा साथ ही कार्य में कुशलता और शीघ्रता आएगी, जल्द ही लोक सेवा केन्द्र की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिससे लोगों के आय, जाति, निवास, भूमि संबंधी दस्तावेज बनाए जाएंगे और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंह देव, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती बबली,रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जायसवाल,जन प्रतिनिधिगण, अपर कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का,जनपद सीईओ श्री दीपराज कांत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल पर की गई ईडी की कार्रवाई का कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन




**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसी ने राजीव भवन से घड़ी चौक तक रैली निकाली और ईडी के खिलाफ नारेबाजी की। 18 जुलाई को जन्मदिन के दिन ईडी ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया था। उनकी गिरफ्तारी पर भूपेश बघेल ने कहा कि वे विधानसभा में अडानी द्वारा छत्तीसगढ़ के जंगलों की कटाई की बात उठाने जा रहे थे। उनकी आवाज रोकने के लिए यह करवाई की गई। ईडी की इस करवाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन का आव्हान किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि ईडी की यह कारवाई अडानी के इशारे पर हुई है। सरकार ने अडानी के व्यापार को बचाने के लिए उसके ईशारे पर यह कारवाई की है। लेकिन कांग्रेस सरकार के इस दमनात्मक कारवाई से न झुकेगी न ही रुकेगी।

इस दमनकारी सरकार और इसके अडानी के खिलाफ अब कांग्रेस अपने संघर्ष को और तेज करेगी। जय अग्रवाल, डॉ अजय तिर्की, जे पी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, नुरूल अमीन सिद्धकी, सत्येंद्र तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, इरफान सिद्धकी, संजय विश्वकर्मा, राशिद अहमद अंसारी, संजीव मंदिलवार, लालचंद यादव, सुधांशु गुप्ता, हरभजन भामरा, अतुल तिवारी, शांतनु मुखर्जी, विनोद एक्का, अनूप मेहता, आशिष वर्मा, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, जमील खान, लोकेश कुमार,विकल झा, शंकर प्रजापति, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सोहन जायसवाल, अमित तिवारी राजा, आशीष जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल सिंह कर्नल, नीतीश चौरसिया, विनय गुप्ता, अशोक सिंह, संजय सिंह, सुदामा कुर्रे, प्रमोद चौधरी, शिव प्रसाद अग्रहरि,अविनाश कुमार, उत्तम रजवाड़े, मिथुन सिंह, अमित सिंह, विकास शर्मा,मिथुन सिंह, रोशन कन्नौजिया,अभिषेक सिंह, परवेज आलम गांधी, अंकित जायसवाल, श्रीमती हमीदा, शकीला सिद्धकी, उर्मिला विश्वास, मंजू सिंह, अनुराधा सिंह, साधना कश्यप, रजनी महंत, संगीता मिंज, दिलीप धर, बाबू सोनी, वीरेंद्र सिन्हा, अमित मिंज, संजर नवाज, आयुष, मनीष पांडे, अतुल यादव, गौतम गुप्ता, साहिल अली, राहुल, सफायत अलि, परमेश्वर भगत, रितेश धर, राहुल पटेल आदि उपस्थित थे।

## तम्बाकू से जबड़े की हड्डियां हो रही नष्ट,अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज में बढ़ रहे मामलों ने चिंता बढ़ाई...






**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अम्बिकापुर के संबद्ध चिकित्सालय में हाल ही में एक महिला की कैंसर शल्यक्रिया के दौरान डॉक्टर उस समय चौंक गए जब उन्होंने देखा कि महिला के जबड़े की हड्डियाँ बिना अधिक बल लगाए ही टूट रही थीं। यह असामान्य स्थिति तब स्पष्ट हुई जब पता चला कि मरीज पिछले 15 वर्षों से तम्बाकू का सेवन कर रही थी। नाक,कान,गला विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से जुलाई 2025 के बीच कुल 63 जबड़े के फ्रैक्चर के मामले सामने आए,जिनमें से 48 मरीज 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के थे। खास बात यह रही कि ये सभी तम्बाकू या गुटखा सेवन करने वाले पाए गए। अधिकतर मरीज मामूली दुर्घटनाओं–जैसे बाइक से गिरना या हल्की मार–का हवाला देते हैं,लेकिन हड्डियों में गंभीर फ्रैक्चर मिलते हैं जैसे ऊँचाई से गिरने पर होता है। हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणेश सिंह बताते हैं कि तम्बाकू जबड़े की हड्डियों पर सबसे पहले असर करता है क्योंकि उसे वहीं चबाया और रखा जाता है। इसका दीर्घकालिक सेवन हड्डियों की मजबूती को नष्ट कर देता है, जिससे फ्रैक्चर की संभावना 2-3 गुना बढ़ जाती है। उपचारित 63 में से 48 मरीजों के जबड़ों में दो से अधिक फ्रैक्चर पाए गए, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हैं। सरगुजा जिले में करीब 40 प्रतिशत आबादी किसी न किसी रूप में तम्बाकू या गुटखा का सेवन करती है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है, जिससे युवाओं में भी हड्डियों की कमजोरी और कैंसर जैसे रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। गौर करने योग्य बात यह है कि तम्बाकू और गुटखा वैधानिक रूप से प्रतिबंधित उत्पाद हैं। इनके सेवन और बिक्री पर कोटा एक्ट 2003 और जूवेनाइल प्रोटेक्शन एक्ट 2005 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 5 वर्ष की जेल और 1 रुपए लाख तक जुर्माने की सजा हो सकती है। जनहित में यह आवश्यक है कि तम्बाकू के सेवन पर न केवल सख्ती से रोक लगाई जाए,बल्कि व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाए ताकि लोग इसके दुष्प्रभाव को समझ सकें और इससे बच सकें।

## एलएलबी परीक्षा में पेपर विवाद : पर्यावरण लॉ की परीक्षा रद्द,एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन



**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** शासकीय पीजी कॉलेज में एलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान शनिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब निर्धारित विषय पर्यावरण लॉ की जगह एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ का पेपर परीक्षा केंद्र पर पहुंच गया। पेपर खुलने से पहले ही इस गलती की जानकारी मिल गई,जिसके बाद कॉलेज प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से परीक्षा स्थगित कर दी। इस घटना को लेकर एनएसयूआई ने पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। परीक्षा केंद्र पर सुबह छात्र समय पर पहुंचे थे और उन्हें उत्तरपुस्तिकाएं भी वितरित कर दी गई थीं। लेकिन जैसे ही पेपर खोलने की प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, कॉलेज प्रशासन को पता चला कि विषय में गड़बड़ी हो गई है। पर्यावरण लॉ की जगह एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ का प्रश्न पत्र भेजा गया था। इस गलती की पुष्टि ऑटोनॉमस सेल से होने पर कॉलेज प्रशासन ने तत्काल परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया। एनएसयूआई ने इस घटना को गंभीर लापरवाही बताते हुए पेपर लीक का आरोप लगाया। संगठन का कहना था कि कई छात्र दूर-दराज से परीक्षा देने आए थे, और ऐसे में परीक्षा रद्द करना न केवल छात्रों के समय और संसाधनों की बर्बादी है,बल्कि यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ऑटोनॉमस प्रभारी दीपक सिंह ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से एक प्रशासनिक त्रुटि थी। उन्होंने कहा,गलतफहमी के चलते एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ का पेपर केंद्र पर भेज दिया गया था, लेकिन सौभाग्य से पेपर खोलने से पहले ही गलती पकड़ में आ गई। परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है और अब पर्यावरण लॉ की परीक्षा आगामी 1 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

यह घटना कॉलेज परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। छात्रों और अभिभावकों में इस घटना को लेकर आक्रोश है, और सभी की निगाहें अब कॉलेज प्रशासन की अगली कार्रवाई और परीक्षा के सुचारु संचालन पर टिकी हुई हैं।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं को मिली मार्गदर्शन की नई दिशा



**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**

महिला एवं बाल विकास विभाग,भारत सरकार की कार्य योजना के अंतर्गत जिला सरगुजा में 18 जुलाई को जन शिक्षण संस्थान सरगुजा में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं व महिलाओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यशाला का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जगदेव राम प्रधान व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बसंत मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षकों एवं परामर्श दाताओं ने स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों एवं क्षेत्रों से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी,उनके स्तर तथा उपलब्ध प्रशिक्षण संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी। काउंसलिंग में छात्रों को बताया गया कि विभिन्न विषयों में अध्ययन कर वे किस क्षेत्र में कैरियर बना सकते हैं, जैसे प्रशासनिक सेवाएं, बैंकिंग,तकनीकी क्षेत्र,शिक्षा,स्वास्थ्य आदि। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मार्गदर्शन दिया गया।

## पति,सास और ससुर ने मिलकर महिला को न सिर्फ बेरहमी से पीटा बल्कि लोहे की गर्म चिमटी से दागा



**बलरामपुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के ग्राम शारदापुर में महिला पर क्रूरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति, सास और ससुर ने मिलकर महिला को न सिर्फ बेरहमी से पीटा बल्कि लोहे की गर्म चिमटी से दागकर उसका चेहरा और शरीर बुरी तरह झुलसा दिया। त्रिकुण्डा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस में बताया कि पीड़िता रितु तिवारी ने थाना त्रिकुण्डा में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति आकाश तिवारी, सास तारावती तिवारी और ससुर हरिशंकर तिवारी लंबे समय से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। 3 जुलाई की रात तीनों ने मिलकर रितु के हाथ-पैर बांध दिए और लोहे की चिमटी को गैस चूल्हे पर गर्म कर उसके चेहरे, पीठ, हाथ-पैर पर दाग दिया। इसके बाद उसे 10 दिनों तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। होश में आने पर रितु ने अपनी बेटी से रस्सियां खुलवाई और अपने पिता को सूचना दी। 12 जुलाई को रितु के परिजन उसे लेकर कमलपुर रघुनाथनगर पहुंचे,जहां उसका इलाज करवाया गया। मेडिकल जांच में महिला को गंभीर चोटें और जलने के गहरे निशान पाए गए। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और घटनास्थल से लोहे की चिमटी, गैस चूल्हा,रस्सी और अन्य सामान बरामद किया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 118(2) सहित कई गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस मामले की कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी व्यास नारायण चुरेंद्र,उ नि जवाहर तिर्की,स उ नि गोपाल राम,प्र आर विजय टोप्पो,आरक्षक लखेश्वर बघेल,विनोद आयाम, बबलू बेक,नरेन्द्र कश्यप आरक्षक समुद्री यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## रजपुरीकला में बंदर का आतंक,आधा दर्जन लोग घायल



**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर के रजपुरीकला स्थित कस्तूरबा गांधी मोहल्ले में सोमवार रात एक उग्र बंदर ने जमकर उत्पात मचाया। बंदर ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों पर हमला कर आधा दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर दिया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदर रातभर मोहल्ले में इधर-उधर घूमता रहा और अचानक लोगों पर झपट पड़ता था। इस अप्रत्याशित हमले से पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। डर के कारण कई लोग रातभर अपने घरों में कैद रहे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बंदर को पकडने की काफी कोशिश की, लेकिन वह उनके पकड़ में नहीं आया। वन अमले ने मोहल्लेवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## राखी मेल्स हेतु विशेष पीली पत्र पेटियां

**अम्बिकापुर,19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।**

प्रधान डाकघर अंबिकापुर,उप डाकघर बैकुंठपुर,बलरामपुर व सूरजपुर में राखी मेल्स हेतु विशेष पीली पत्र पेटियां 14 जुलाई से 10 अगस्त तक के लिए लगाई गई है। प्रधान डाकघर अंबिकापुर में प्रधान डाकघर के सामने,जयस्तंभ चौक,कलेक्ट्रेट गेट में पीली पत्र पेटियां स्थापित की जा रही है। इसी तरह उपडाकघर बैकुंठपुर,बलरामपुर व सूरजपुर डाकघर के समक्ष पीली पत्र पेटियों की स्थापना की जा रही है। डाकघर अधीक्षक का कहना है कि इन पीली पत्र पेटियों का उपयोग राखी मेल्स के लिए किया जाएगा। इन पत्र पेटियों से प्राप्त डाक का निपटान तत्काल सुरक्षित रूप से किया जाएगा। डाक घर अधीक्षक ने आम उपभोक्ताओं से अनुरोध कि है कि अपने राखी पत्रों को निर्धारित पीली पत्र पेटियों में ही डाले। यदि राखी पत्र अधिक मात्रा में हो तो इन्हें डाकघरों की काउंटरों में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। राखी मेल स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजने की सुविधा डाकघरों के काउंटर में उपलब्ध है।

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे : डोनाल्ड ट्रम्प

## किस देश के यह नहीं बताया



**वॉशिंगटन डीसी, 19 जुलाई 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी।

### ट्रम्प बोले थे- हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे

इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा, हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया।

# नहीं मान रहा चीन : ब्रह्मपुत्र नदी पर शुरू किया दुनिया का सबसे बड़े बांध का निर्माण

**बीजिंग।** भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद चीन ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि इससे हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि इस बांध से तिब्बत में बिजली की जरूरतें पूरी होंगी। परियोजना पर कुल 1.2 ट्रिलियन युआन (167 अरब डॉलर, करीब 14 लाख करोड़ रुपये) का निवेश होने की योजना है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है। चीन की इस परियोजना का भारत और बांग्लादेश विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद चीन ने इस परियोजना को जोर-शोर से शुरू करने का फैसला किया है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की शुरुआत का एलान खुद चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया है।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्र पर गोलीबारी

## 50 फलस्तीनी मारे गए, मानवीय संकट बढ़ा



**दीर अल-बलाह, 19 जुलाई 2025।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है।

**क्या है जीएचएफ और विवाद क्या है :** जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इस्राइल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बयां किया खौफनाक मंजर :** इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा, हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इस्राइली सेना ने कहा कि वह केवल चेतावनी के तौर पर फायरिंग करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और त॥स्र की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 250 को बंधक बना लिया गया। जवाब में इस्राइल ने गाजा पर भीषण सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 58,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

### दो जगहों पर गोलीबारी की वारदात

जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इस्राइली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि, यह एक नरसंहार थाज सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# वियतनाम में नाव पलटने से 18 की मौत, 23 लापता, 53 लोग सवार थे



**वियतनाम, 19 जुलाई 2025।** वियतनाम के मशहूर टूरिस्ट्स स्पॉट स्थल हा लॉन्ग बे में शनिवार दोपहर एक नाव पलटने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लोग अभी भी लापता हैं। इस नाव पर 48 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेज हवाओं की वजह से यह नाव पलट गई। रेस्क्यू टीम ने 12 लोगों को सुरक्षित बचा लिया, जिसमें एक 14 साल का लड़का भी शामिल है, जो चार घंटे तक पलटी हुई नाव में फंसा रहा। मरने वालों के शव हादसे वाली जगह के पास से बरामद किए गए। नाव पर करीब 20 बच्चे सवार थे, जो वियतनाम की राजधानी हनोई से आए थे। रेस्क्यू का काम अभी भी जारी है और लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

# दक्षिण ईरान में भीषण सड़क हादसा : 21 लोगों की मौत, करीब 34 घायल



**तेहरान, 19 जुलाई 2025।** दक्षिण ईरान में एक बस के पलटने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 34 लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी मीडिया ने शनिवार को दी। यह हादसा फार्स प्रांत की राजधानी शीराज के दक्षिण में हुआ है। फार्स प्रांत के आपातकालीन संगठन के प्रमुख मसूद आबेद ने बताया कि हादसा सुबह 11:05 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया।

**कैसे हुआ हादसा :** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक यात्री बस जो शीराज की ओर जा रही थी, अनियंत्रित होकर पलट गई। यह बस यात्रियों से भरी हुई थी। हादसा उस समय हुआ जब बस चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे के तुरंत बाद, आपातकालीन राहत दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

**बढ़ सकती है मृतकों की संख्या :** उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य अभी जारी है और जांच पूरी होने के बाद ही सही आंकड़े और अन्य जानकारी दी जाएगी। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल माना जा रहा है कि हादसा या तो चालक की लापरवाही, वाहन में खराबी हो सकती है।

## कृषि मंत्री श्री नेताम का एक दिवसीय प्रवास

# मंत्री ने किया 26 करोड़ 48 लाख रुपये से अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण





**बलरामपुर 19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने अपने बलरामपुर प्रवास के दौरान डौरा-कोचली में 26 करोड़ 48 लाख से अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में ग्राम रनहत में 23.2 लाख रुपये की लागत से 2 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम विश्रामपुर में 49.73 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम कंडा में 23.02 लाख रुपये से 2 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम धनगांव में 19.17 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम टांगरमहरी में 8.51 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम भेलवाडीह में 11.51 लाख रुपये से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम कोटपाली में 57.51 की लागत से 03 सड़क निर्माण कार्य, ग्राम झलपी में 11.51 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम महेशपुर में 11.51 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम लिलौटी में 38.32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम राधाकृष्णनगर में 49.83 लाख रुपये से सीसी रोड़ निर्माण कार्य ग्राम महाराजगंज में 16.25 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण व 16.16 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम सौनी में 23.02 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम घाघरा में 42.58 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम डौरा में 19.17 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम डूमरखोरखा में 38.32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम तरकाखाड में 19.20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम जाबर में 54.47 लाख रुपये से 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम बादा में 26.83 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम जतरो में 8.51 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य, ग्राम सेंदूर में तीन भाग में 95.81 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम अमडंडा में 8.52 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़, ग्राम भनौरा में 11.51 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़, ग्राम सुर्रा में 38.32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम जवाहरनगर सुर्रा में 11.51 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम दहेजवार में 23.01 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम पस्ता में दो भाग में 76.64 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम कृष्णनगर में 33.04 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम सरनाडीह में 19.17 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम संतोषीनगर में 26.10 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम झलरिया में 38.34 लाख रुपये की लागत से 02 सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम ओबरी में 27.68 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम भवानीपुर में 38.32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम खडीयादामर में 38.32 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम भैंसामुण्डा में तीन भाग में 114.96 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निमार्ण, ग्राम सरनाडीह में 23.64 रुपये की लागत से पुलिया निर्माण, ग्राम धनवारकला में 23.64 लाख रुपये की लागत से पुलिया निमार्ण, ग्राम खडीयादामर में 16.93 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण, ग्राम डूमरखोरखा में 22.89 लाख रुपये की लागत से पुलिया निमार्ण तथा ग्राम दहेजवार में 16.25 लाख रुपये की लागत से पुलिया निमार्ण कार्य भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार कृषि मंत्री श्री नेताम के द्वारा ग्राम जामवंतपुर से भितियाही के देवधर नाला एवं हरीनडूब्बा नाला पर 687.81 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिया व पहुंच मार्ग तथा चनान नदी पर 687.55 लाख रुपये की लागत से बने पुलिया व पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया गया।





# फरसाबहार में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

### मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने बच्चों को किताबें सायकल भी वितरण किया

**जशपुरनगर 19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** फरसाबहार में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने बच्चों मिठाई खिलाकर और पाठ्य पुस्तक, सामग्री, सायकल वितरण कर बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिन विषयों में समस्या आ रही है उनको अपने शिक्षकों से अनिवार्य रूप से प्रशन पूछकर समाधान करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा बच्चे ही कल के भविष्य उनको अच्छी शिक्षा देना शिक्षकों का दायित्व है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण,संरपच जिला शिक्षा अधिकारी,शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों में श्रमदान कर स्वच्छता के लिए कर रहा जागरूक



**जशपुरनगर, 19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा अंतर्गत ग्राम आसनपानी मरंगी दूरस्थ अंचलों और दुर्गम बसाहट विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी पहाड़ी कोरवा ग्राम में सर्प दंश से बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें घर एवं आंगन की साफ सफाई,पलंग पर सोने की सलाह, तत्काल अस्पताल आने एवं पूर्ण विश्वास के साथ इलाज लेने की सलाह दी गई। स्वच्छता एवं स्वच्छ रहने के अनुभव साझा और टीम बगीचा के द्वारा श्रमदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्वच्छ वातावरण निर्मित करते हुए सर्पदंश की घटनाओं में कमी लाने के साथ मृत्यु दर में कमी लाने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के साथ श्रमदान का कार्य प्राथमिकता के साथ ग्राम पंचायतों में लगातार जारी रखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की ऐतिहासिक सौगात, जशपुर जिले के 48 मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत हुए 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार रुपए, धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा...

**जशपुरनगर, 19 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जिले के 48 प्राचीन व जनआस्था से जुड़े मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्यों के लिए 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जारी आदेश में मंदिरों के विकास,संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल से न केवल धार्मिक आस्था के केंद्रों को नवजीवन मिलेगा,बल्कि यह योजना स्थानीय रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त बनाएगी।

गाँव-गाँव में बसे श्रद्धा स्थल अब शासन की योजना से भव्य और सुव्यवस्थित रूप में पुनर्निर्मित होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन ने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने जिले के विभिन्न मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृति दी हैदृ ग्राम जामटोली हनुमान मंदिर केन्दपानी 3 लाख रुपए, ग्राम जामटोली हनुमान मंदिर 2 लाख,ग्राम सिरिमकेला नगेराटुकु मंदिर 5 लाख,ग्राम गट्टीबूढ़ा हनुमान मंदिर रायटोली 3 लाख,ग्राम खटगा हनुमान मंदिर रोतियाटोली 3 लाख,ग्राम दोकड़ा हनुमान मंदिर खुटीटोली 5 लाख,ग्राम दोकड़ा राधाकृष्ण मंदिर डेंबुटोली 5 लाख, ग्राम दोकड़ा हनुमान मंदिर डुमरटोली 3 लाख,ग्राम चेटबा हनुमान मंदिर 5 लाख,ग्राम चेटबा गायत्री मंदिर 5 लाख, ग्राम चेटबा श्रीराम मंदिर नारायण बहली 5 लाख, ग्राम देवरी शिव मंदिर फॉस्कोटोली 5 लाख,ग्राम कटंगखार शिव मंदिर जमुन्दा 5 लाख,ग्राम नारियरडांड हनुमान मंदिर कोगाबहरी 5 लाख, ग्राम शब्दमुंडा छातेस्वर महादेव मंदिर 3 लाख, ग्राम पतरापाली के बजरंगबली मंदिर गरियादोहर 5 लाख, ग्राम कोहलनझरिया जगन्नाथ मंदिर 5 लाख,ग्राम खुटगांव बुढ़ा महादेव शिव मंदिर 5 लाख, ग्राम तुमला शिव मंदिर महादेव गुड़ी 5 लाख,ग्राम सिंगीबहार जगन्नाथ मंदिर 5 लाख ,ग्राम सपाडांड, पंचायत केरसई - बजरंगबली मंदिर 5 लाख,ग्राम अमडीहा - बजरंगबली मंदिर 5 लाख,ग्राम डुमरिया - शिव मंदिर कालादरहा 2 लाख,ग्राम बोखी- शिव मंदिर लकराघरा 3 लाख, पंचायत अमडीहा में शिव मंदिर कदलकछार 3 लाख, ग्राम पुराइनबंध में कृष्ण मंदिर 5 लाख,ग्राम साजबहार में शिव मंदिर 5 लाख, ग्राम समडमा में शिव मंदिर 5 लाख,ग्राम केन्दईबाहर- काली दुर्गा मंदिर 5 लाख,ग्राम हेठघिंचा - राधाकृष्ण मंदिर 5 लाख ,ग्राम धौरासाड- शिव मंदिर 3लाख ,ग्राम पगुराबहार - मंदिर (सरईटोली) 3 लाख,ग्राम रायकेरा - शिव मंदिर महादेव टोंगरी 5 लाख, ग्राम पण्डरापाठ - नागेश्वर धाम मंदिर 4.79 लाख, ग्राम सन्ना गायत्री मंदिर 5 लाख, ग्राम मनोरा - शिव मंदिर 3 लाख,ग्राम बटुराबहर श्री राम मंदिर 5 लाख,कुनकुरी थाना परिसर मंदिर 3 लाख,ग्राम दोढ़ीबहर - शिव मंदिर 5 लाख रुपए,ग्राम गिनाबहार में हनुमान मंदिर 3 लाख, ग्राम भेलवटोली बजरंगबली मंदिर में 5 लाख, ग्राम जोरातराई - शिव मंदिर चिटकवाइन 5 लाख, ग्राम सिंदरीमुंडा- श्री राधाकृष्ण मंदिर पुटूकेला 5 लाख,ग्राम गोरिया - हनुमान मंदिरकोरवाबहारी 5 लाख,ग्राम हेठकापा - शिव मंदिर नोनपानी 3 लाख, ग्राम गोरिया - शिव मंदिर में कुम्हारटोली 3 लाख, ग्राम पंचायत कुनकुरी वार्ड 4 - लक्ष्मी भोलेनाथ मंदिर 5 लाख, श्री जगन्नाथ मंदिर रायकेरा के जीर्णोद्धार के लिए 4 लाख 80 हजार रुपए की लागत से मंदिरों का विकास,संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा।

### स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

स्वीकृति की जानकारी मिलते ही विभिन्न ग्रामों के पुजारियों, समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार जताया और कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के सांस्कृतिक गौरव को सहेजने वाला है। जिससे धार्मिक आस्था के केंद्रों को नवजीवन मिलेगा।

CMYK

# क्या सौभाग्यवती को जिला पंचायत अध्यक्ष ना बनाकर मोहित को बनाने का फैसला गलत ?

### जिन्होंने बनाया मोहित पैकरा को जिला पंचायत अध्यक्ष अब वे ही सदस्य उपेक्षा से हैं नाराज ?

### कार्यशैली को लेकर उठ रहे सवाल,चुनाव में जो नहीं थे साथ अब वे बने सलाहकार बाकी कार्यकर्ता और सहयोगी हुए दूर

### आसान नहीं होगी 5 साल की राह,1 साल बाद अविश्वास प्रस्ताव लगने की संभावना

### ऐसे विवादित श्रेणी के व्यक्ति को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाना भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए भी सवालिया निशान




घटती-घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर,रविवार 02 मार्च 2025 | 6

भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को हराने वाले गैर पार्टी समर्थित सदस्य देवतुल्य हो गए हारे हुए समर्थित प्रत्याशी असुर लगने लगे ?

भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष की प्रथम दावेदार सौभाग्यवती सिंह कुसरो

भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष के दूसरे दावेदार मोहित पैकरा

Vinod Sahu

मुंह में राम पेट में छुरी वाह रे


घटती-घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर,शुक्रवार 14 मार्च 2025 | 6

क्या कोरिया भाजपा ने एक आदिवासी महिला नेत्री पर कार्यवाही करके उसका मनोबल तोड़ने का काम किया ?

कोरिया जिले में भाजपा के पास नहीं है कोई भी अच्छी महिला नेत्री फिर भी एक महिला नेत्री पर कार्यवाहि करके क्या महिलाओं का भी मनोबल तोड़ा गया ?

पार्टी के निर्णय के खिलाफ जाना सौभाग्यवती सिंह को अब पड़ा महंगा ऐसे में राजेश साहू को क्यों दिया गया अभयदान ?

कोरिया भाजपा में प्रदेश स्तर पर हुई कई कार्यवाही...कोई कार्यवाही की चपेट में है तो कोई अभयदान पाकर बच निकला

वर्तमान विधायक की खास समर्थक व भाजपा की एक आदिवासी महिला नेत्री को 6 साल के लिए पार्टी से किया गया निष्कासित

जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों सहित अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सम्मेलन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई निष्कासित नेत्री सौभाग्यवती

निष्कासन...भाजपा की तरफ उस समाज को आने से रोकने वाला निर्णय साबित होगा ?

जिन्होंने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को हराया उन्हें भाजपा ने गले क्यों लगाया ?

### बेलगाम हुए मोहित पैकरा,संगठन के कई पदाधिकारी नाराजःसूत्र

जिला पंचायत अध्यक्ष का पद मोहित पैकरा को संगठन नेताओं के बदौलत प्राप्त हुआ है शुरू में उन्हें संगठन के करीब भी देखा गया लेकिन सलाहकारों की सलाह पर जब से उन्होंने 2028 में विधायक बनने का सपना देख लिया है तब से वे बेलगाम भी हो चुके हैं संगठन की जानकारी के बगैर उनके द्वारा कई काम किए जा रहे हैं गलत लोगों को आश्रय दिया जा रहा है। हालांकि बतलाया जाता है कि मोहित पैकरा की गतिविधि पर संगठन की नजर भी है संगठन के कई नेता इसे लेकर नाराज भी हैं और आने वाले समय में इस विषय पर भी सवाल जवाब किया जा सकता है।

-रवि सिंह-
कोरिया, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सौभाग्यवती को कोरिया जिले से भाजपा के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष की प्रबल दावेदार थी पर संगठन की मनमानी ने उनसे अध्यक्ष पद छीन लिया, उन्हें बगावत करने के लिए मजबूर कर दिया, आज जिन्हें संगठन व भाजपा ने अपना जिला पंचायत अध्यक्ष का उम्मीदवार माना आज उसकी कार्यप्रणाली ही भाजपा के लिए गलत फैसला लेने वाली निर्णय मानी जा रही है, सौभाग्यवती को दरकिनार कर भाजपा के लिए मोहित को उपकृत करना कहीं ना कहीं अब नुकसान समझ में आने लगा है या माना जाए तो अंदर खाने में यह बात उठने लगी है कि सौभाग्यवती को ही जिला पंचायत अध्यक्ष बनना चाहिए था पर भाजपा जिलाध्यक्ष की वजह से सौभाग्यवती की जगह मोहित जिला पंचायत अध्यक्ष बन गए जिसे लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष की खूब किरकिरी भी हुई थी आज संगठन भी इस फैसले को लेकर अब अंदर खाने से खुश नहीं है कहीं ना कहीं इस फैसले को अब गलत माना जा रहा है। एक साल पहले तक कांग्रेसी रहे कोरिया जिला पंचायत के अध्यक्ष के खिलाफ दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है सरपंच के बाद सीधे जिला पंचायत की कुर्सी पाकर उन पर गर्मी स्पष्ट दिखलाई दे रही है तो उनके खिलाफ निर्वाचन क्षेत्र से भी नाराजगी बढ़ी है, जिस उम्मीद और विश्वास से स्थानीय जनता से मोहित पैकरा को अपना नेता चुना था और वेदांती तिवारी जैसे जमीनी नेता से किनारा किया था उसके बाद मोहित पैकरा के बदले तेवर और रंग रूप से जनता भी खुद को ठगा सा महसूस कर रही है यही नहीं जिला पंचायत के चुनाव में भारी फूट होने के बाद भी जिन लोगों ने मोहित पैकरा का साथ देकर उन्हें अध्यक्ष बनाया अब वे जिला पंचायत सदस्य भी खुद की उपेक्षा से नाराज हैं, आने वाले समय में यह आक्रोश और बढ़ने की संभावना भी है। दैनिक घटती घटना का अंदेशा उस समय भी यही था कि भाजपा सही उम्मीदवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बना रही है आखिर घटती-घटना का एक बार फिर से अंदेशा सही साबित होता दिख रहा है।


-फाईल फोटो

### कार्यशैली बनी चर्चा का विषय,नए सलाहकार डूबा रहे लुटिया

मोहित पैकरा राजनीति के क्षेत्र में एक नया चेहरा हैं उन्हें पूर्व में पार्टी के जिलाध्यक्ष का भरपूर सहयोग मिलता रहा है लेकिन सूत्रों का कहना है कि श्री पैकरा के नए नए सलाहकार बने लोगों ने उन्हें अभी से विधायक बनने का ख्वाब दिखाकर नया लाइन तैयार करने की सलाह दी है हालांकि भाजपा की राजनीति को जानने वाले लोगों का कहना है कि इतना आसान नहीं है पार्टी में संगठन लाइन से चलने वाले जनप्रतिनिधियों को ही महत्व मिलता है कोई जनप्रतिनिधि यदि संगठन से बाहर जा कर अपनी लाइन तैयार करता है तो उसे उसकी भरपाई करनी पड़ती है। इन दिनों मोहित पैकरा की कार्यशैली की चर्चा जिला पंचायत सदस्यों के बीच भी जमकर हो रही है, बताया जाता है कि जिन सदस्यों ने अध्यक्ष के निर्वाचन के समय मोहित पैकरा का साथ दिया था अब उनकी भी उपेक्षा हो रही है एकला चलो की रणनीति मोहित पैकरा पर भारी पड़ रही है तो वहीं नए नए सलाहकार बने कुछ शासकीय कर्मचारी उनकी लुटिया डुबाने के लिए अनाप शनाप सलाह दे रहे हैं।

### ऐसा रहा हाल तो 5 साल नहीं रहेगा मोहित पैकरा का कार्यकाल

जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा द्वारा जिस प्रकार की कार्यशैली से काम किया जा रहा है वह आने वाले समय में उनके पद के लिए परेशानी का सबब बन सकता है यह तो पहले से तय है कि भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य मोहित पैकरा के पक्षधर नहीं हैं और सूत्रों का दावा है कि जिन्होंने निर्वाचन में साथ देकर उन्हें अध्यक्ष बनाया वे भी उपेक्षा के कारण नाराज बतलाए जा रहे हैं। अंदर ही अंदर सदस्यों में इस बात की चर्चा है कि यदि यही रवैया रहा तो 1 साल के बाद मोहित पैकरा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

### क्या भाजपा जिलाध्यक्ष दे रहे संरक्षण या मामले में लेंगे सुध ?

मोहित पैकरा को अध्यक्ष बनाए जाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने काफी मेहनत किया था यह सर्वविदित है अन्यथा खुद मोहित पैकरा अपने बलबूते इस लायक भी नहीं थे,लगातार मोहित पैकरा के बारे में खबरें बाहर आ रही हैं संगठन के निर्णय के खिलाफ भी उनके द्वारा काम किया जा रहा है,जो कि सही नहीं है यदि इसके बाद भी भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा ऐसे जनप्रतिनिधि को संरक्षण दिया जाता है तो इससे संगठन की मर्यादा तार तार होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष को चाहिए कि वे बेलगाम हो चुके जिला पंचायत अध्यक्ष पर कड़ी कार्यवाही करें।

### डीएमएफ से चलाना चाहते हैं व्यापार,खुद को बताते हैं सीएम का रिश्तेदारः सूत्र

कोरिया जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित पैकरा खुद को प्रदेश के मुख्यमंत्री का करीबी रिश्तेदार बताकर भरपूर लाभ लेने की कोशिश में भी हैं सूत्रों का कहना है कि कई पंचायतों से कमीशन की बात करने के बाद उन्होंने निर्माण कार्य का प्रस्ताव बनाकर डीएमएफ से स्वीकृति हेतु कलेक्टर कोरिया को सौंपा है,20 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की जानकारी भी सूत्रों द्वारा दी जा रही है। कलेक्टर कोरिया द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को भेजे गए प्रस्ताव पर अब गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

### आखिर विश्राम भवन के कमरा किस काम के लिए खुलवाते हैं मोहित पैकरा...जबकि घर है काफी करीब...

मोहित पैकरा द्वारा आए दिन लोक निर्माण विभाग विश्राम भवन में पहुंचकर कमरा खुलवाया जाता है इस दौरान उनके साथ खास मित्र और सलाहकार भी मौजूद रहते हैं कर्मचारी भय के कारण कुछ बोलना नहीं चाहते लेकिन सवाल उठता है कि जब जिला मुख्यालय से उनका गृह ग्राम काफी नजदीक है तो आखिर वे किस गतिविधि के लिए विश्राम भवन में कमरा लेते हैं,संगठन को चाहिए कि वे इस मामले को भी संज्ञान में ले।

## कलेक्टर कार्यालय एनएच 43 मार्ग पर सुरक्षित और सुगम स्थान पर बनेः गुलाब कमरों

### जिले के अंतिम गांवों के नागरिकों की पहुंच और सुरक्षा सुनिश्चित हो

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



एमसीबी जिले में कलेक्टर कार्यालय के निर्माण के लिए चयनित स्थान को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने आपत्ति दर्ज कराई है,उन्होंने जिला कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को पत्र लिखकर वर्तमान चयनित स्थल को मुख्य मार्ग एनएच 43 से हटकर बताया है, जो कि असुरक्षित और पहुंचने में असुविधाजनक भी है। कार्यालय का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग के किनारे किसी उपयुक्त स्थल पर किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने पत्र में लिखा कि वर्तमान में चयनित स्थल कई कारणों से उपयुक्त नहीं है। यह स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से हटकर है, जिले के अंतिम छोर 170 किमी दूर के निवासी,ग्रामीण गरीब नागरिकों को जहां तक पहुंचने के लिए नेशनल हाईवे में उतरकर ऑटो रिक्शा या अन्य साधनों से पहुंचाना पड़ेगा। जिससे उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। स्थल 132 केवी विद्युत ग्रिड के समीप है, जहाँ विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से खतरा है। इसके अलावा यह स्थान हसदेव नदी की एक संकीर्ण पुलिया के पास स्थित है,जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही, यहाँ नागरिकों की आवाजाही और यातायात भी बाधित होता है। उन्होंने पत्र में कहा कि यदि कलेक्टर कार्यालय एनएच मार्ग के किनारे बनाया जाता है तो न केवल यह नागरिकों के लिए यातायात और पहुँच की दृष्टि से सुगम होगा,बल्कि प्रशासनिक कार्यों के संचालन में भी सुविधा होगी। गुलाब कमरों ने यह भी बताया कि वर्तमान चयनित स्थल जिले के अंतिम छोर पर स्थित है,जिससे जनकपुर, कोटाडोल और ठोकनाडीह जैसे गाँवों के नागरिकों को कार्यालय तक पहुँचने में लगभग 170 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी। इसके बाद भी पहुंचने के लिए अन्य साधनों को खोजना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों जैसे सरगुजा, कोरिया, रायगढ़ और जशपुर में भी कलेक्टर कार्यालय एनएच मार्ग के समीप स्थित हैं,जिससे नागरिकों को सुविधा होती है। मनेंद्रगढ़ जिले में भी इसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है।

**मुख्य मांगें**...कलेक्टर कार्यालय का निर्माण वर्तमान स्थल के बजाय एनएच मार्ग के समीप उपयुक्त और सुरक्षित भूमि पर किया जाए। वर्तमान स्थल की विद्युत सुरक्षा और भौगोलिक असुविधाओं को देखते हुए तत्काल सुगम स्थल चयन का निर्णय लिया जाए। नागरिकों और प्रशासनिक कार्यों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। गुलाब कमरों ने अपने पत्र की प्रति सचिव, राजस्व विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित की है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर नागरिकों की सुविधा और प्रशासन की कार्यकुशलता सुनिश्चित की जाए।

## सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत पतरापाली स्कूल में बच्चों को सर्प-बिच्छू दंश से बचाव की दी गई जानकारी







-संवाददाता-
रामानुजनगर, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

शासन के निर्देशानुसार सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम विद्यालयों में चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज माध्यमिक शाला पतरापाली में बच्चों को सांप और बिच्छू के दंश से बचने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाता है और बच्चों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किया जाता है। कार्यक्रम प्रभारी योगेश साहू ने बच्चों को बताया की सांप के काटने से बचाव के लिए सांप के काटने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं,सांप के काटने के पश्चात प्राथमिक उपचार के तौर पर शांत रहें और प्रभावित हिस्से को कम गति से चलाएं,स्थिर रहें,ज़हर को चूसकर न निकाले, घाव को न काटे,साँप को पकड़ने और फ़साने की कोशिश न करें,सांप के प्रकार और काटने के तरीके के बारे में जानकारी देने की कोशिश करें। उसी तरह बिच्छू के डंक से बचाव के लिए भी डंक मारने पर शांत रहें, स्थिर रहें,डंक वाले हिस्से को पानी से धोये,बिच्छू के डंक से बचने के लिए सावधानी बरतें और घर के आसपास साफ-सफाई रखें, जूते पहनने से पहले उन्हें अच्छी तरह से जांच लें, साथ ही फर्श पर सोने से बचें। विद्यालय के कुछ छात्रों को सर्प और बिच्छू ने काटा जिसकी जानकारी सबके सामने व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रधानपाठक बी आर हितकर, महेन्द्र पटेल,कृष्ण कुमार यादव,अनिता सिंह, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल सहित छात्र-छात्राये मौजूद थे।

## श्याम सिंह मरकाम ने किया सोनहत क्षेत्र का दौरा,भोलेनाथ के दरबार टेका माथा

-संवाददाता-
सोनहत, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

गोंगपा के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक हसदो नदी के उद्गम स्थल मेड्रा स्थल पहुंचकर भोलेनाथ महादेव पर जल चढ़ाया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की,इसी दौरान श्याम सिंह ने क्षेत्र के कई ग्रामो में भ्रमण कर कार्यकर्ताओ से मुलाकात किया और ग्राम जनों से भी उनका हाल चाल जान कर समस्याओं से अवगत हुए, साथ ही शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया । उल्लेखनीय है कि मरकाम द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जा रहा है ज्ञात हो कि गोंडवाना गड़तंत्र पार्टी ने कुछ दिन पूर्व ही धरना प्रदर्शन किया था।





# निगम के एक जिम्मेदार पद पर बैठा चना चोर दिखा रहा अधिकारी को आंख?

## बदतमीजी...पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी निजी सुविधा बढ़ाने एवं लाभ कमाने के लिए कमिश्नर से कर रहा है दुर्व्यवहारःसूत्र

### अपने घूमने के लिए कर रहा सरकार से गाड़ी की मांग...क्या निगम कमिश्नर को अपना निजी सचिव या कठपुतली समझ रहा है चना चोर नेता?

### सभागार के सामने कमिश्नर की खड़ी गाड़ी के सामने चनाचोर घंटों अपनी गाड़ी लगाकर उन्हें शासकीय वाहन पर नहीं चलने की दे रहा था नसीहतःसूत्र

### अपनी बोलेरो को जबरदस्ती निगम से लगवाने की कर रहा है जिदःसूत्र




### नियम विरुद्ध वाली दलील देकर कमिश्नर पर दबाव बनाकर अपने लिए शासकीय वाहन चाह रहा चना चोर नेता

महापौर को कैबिनेट स्तर का मंत्री का दर्जा दिया गया है जिनको गाड़ी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन कमिश्नर और महापौर से अपने आप को ऊपर समझने वाले इस व्यक्ति ने नग्नता की अंतिम प्रकाष्ठ लांघ दी है कमिश्नर के कर के आगे अपनी बोलेरो वाहन को रास्ता रोक कर बलात उनसे बदतमीजी करना फिर उनके चेंबर में जाकर उनसे विवाद करना देख लेने की धमकी देना और अन्य शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने की भी धमकी देता फिर रहा है,सूत्रों के अनुसार चना चोर नेता पिछले कार्यकाल का हवाला देते हुए बताता है कि पिछले दिनों जो पूर्व जन्म प्रतिनिधियों को बोलेरो वाहन की सुविधा दी गई थी तो मुझे के दी जानी चाहिए मैं भी इस पद में हूं और जब उन्हें दिया गया तो मुझे भी दिया जाना चाहिए यदि शासन मेरी बातें नहीं मानेगा तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा ऐसी भी धमकी देता फिर रहा है देखना यह है कि निगम के अधिकारी अपने नियमों के तहत कार्य करते हैं या फिर इसकी दादागिरी एवं बार-बार की जा रही बदतमीजी के आगे अपनी नाक रगड़ते हैं।

### क्या नियमों में सभापति को गाड़ी देने का नियम है?

निगम से मिल रही जानकारी के अनुसार सभापति को गाड़ी देने का नियम नहीं है यदि सामान्य सभा या कोई अन्य कार्यक्रम होता है तो उन्हें गाड़ी भेज कर बुलाया एवं पहुंचा जा सकता है इसके अतिरिक्त उन्हें गाड़ी देने का नियम नहीं है सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यह नेता अपनी मानसिक स्थिति को चुका है कमिश्नर पर उच्च अधिकारियों से करवाई करवाने की बात करता है कहता है कि जनता द्वारा चुने गए मंत्री महापौर और अन्य पदाधिकारी को जब गाड़ी मिलती है तो मुझे क्यों नहीं मिलेगी कमिश्नर ने कहा कि आप मुझ पर कार्रवाई करवा सकते हैं लेकिन मेरे उच्च अधिकारियों से एक पत्र मुझे लिखवा कर ला दीजिए कि आपको गाड़ी उपलब्ध करवाना है तो मैं फिर आपके इस सुविधा के लिए विचार कर सकता हूं चनाचोर के इस आइडियल और घटिया रवैया से कमिश्नर तो थे ही वह महापौर से भी दबाव बनाना प्रारंभ कर दिया है जिसको लेकर महापौर भी अब सरकारी गाड़ी में नहीं घूम रहे हैं वह अपने निजी बुलेट में ऑफिस आना-जाना कर रहे हैं सवाल यह होता है कि जिस सुविधा और व्यवस्था को सरकार ने दिया ही नहीं जबरदस्ती दादागिरी करके हासिल करने की मंशा पूरे सिस्टम को डैमेज करना कहां तक उचित है सूत्रों से यह भी खबर मिली है कि चनाचोर नेता की गाड़ी में परमानेंट तेल निगम से दिया जा रहा था लेकिन इन दिनों उसे पर पाबंदी लगा दी गई है जिसको लेकर यह बौखला गया है बीच में अपने चहेते ठेकेदार से भी डीजल भरवाता था ऐसी खबर आ रही है।

-रवि सिंह-
चिरमिरी, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

चिरमिरी नगर निगम में कुछ लोग जनप्रतिनिधि क्या बन बैठे ऐसा लग रहा है कि शासकीय धन पर डाका डालने की एजेंसी ले ली है,आ रही जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक एक का चना चोर के नाम से प्रसिद्ध नेता भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है,बीते दिवस नगर निगम में कमिश्नर की गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी लगाकर घंटों रोके रखा था इस बात को लेकर जिद में अड़ा रहा की किसी भी कीमत पर आप मुझे मेरे पद के आधार पर मेरे घूमने के लिए एक एसी गाड़ी उपलब्ध कराओ या फिर मेरी निजी बोलेरो को अटैच करके मुझे महीने का 45000 रुपए दो...इस तरह जिस तरह आप एक गाड़ी बोलेरो अटैच करके घूम रहे हो जितना भुगतान उसे दे रहे हो उतना ही भुगतान मुझे भी चाहिए निगम कमिश्नर नियमों का हवाला देकर कहते रहे की गाड़ी देने का प्रावधान आपको नहीं है एवं आपकी गाड़ी भी निगम में अटैच नहीं की जा सकती लेकिन कमिश्नर की गाड़ी के आगे बलात अपनी बोलेरो वाहन लगाकर खड़ा ये नेता गाड़ी हटाने को तैयार नहीं हुआ बड़ी मान मनौव्वल के बाद यह धमकी देते हुए की मुझे ऐसी गाड़ी उपलब्ध कराओ और इस पर गंभीरता से जल्दी विचार करना वरना अपनी मांग मनवाना मुझे अच्छे से आता है इससे भी बड़ा कदम उठाऊंगा...कह कर घंटों खड़ी गाड़ी हटा लिया जिसको लेकर उसे दिन चिरमिरी नगर निगम में गहमा गहमी का माहौल बना रहा...इसके इस कृत्य से अधिकारी कर्मचारियों में भी असंतोष व्याप्त हुआ है इसके अड़ियल रवैया से सभी परेशान हो चले हैं कमिश्नर समझाते रहे अन्य अधिकारी समझते रहे लेकिन चनाचोर अपने जिद में अड़ा रहा और अपने लिए गाड़ी की मांग करता रहा नहीं देने पर आगे देख लेने की भी धमकी दिया जिसको लेकर अब महापौर एक्शन मूड में आ गए हैं और वह अब शासकीय गाड़ी में घूमना बंद कर दिए हैं बताया जाता है कि वह अपने निजी वाहन में घूम कर जन सेवा वाले कार्य निष्पादित कर रहे हैं पता यह भी चला है कि यह व्यक्ति महापौर से भी गाड़ी लेने के लिए दुर्व्यवहार किया है। ऐसा सूत्रों का कहना है दैनिक घटती-घटना इसकी पुष्टि नहीं करता।

## भूपेश बघेल व उनके परिजनों पर कार्यवाही पर कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला





-संवाददाता-
सूरजपुर, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल एवं उनके परिजनों के ऊपर जबरन द्वेषपूर्ण कार्यवाही करने के विरोध में आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में ईडी का पुतला दहन किया गया कांग्रेसजनों ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा करते हुए अग्रसेन चौक में ईडी का पुतला दहन किया गया बताया गया कि ईडी के जरिए विपक्षी नेताओं पर बदले की भावना से कार्यवाही की जा रही है कल भाजपा के इशारों में ईडी द्वारा द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के घर पहुंच उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई जिसके खिलाफ़ कांग्रेसजनों ने आन्दोलन किया लोकतंत्र की हत्यारी भाजपा अब विपक्ष के नेताओं के परिवारजनों को भी टारगेट करने से बाज नहीं आ रही जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी इसी राजनीति का हिस्सा है भाजपा सरकार की इस तानाशाही और लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए ईडी का पुतला दहन किया इस दौरान इस दौरान पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, रमेश दनोदिया, कुसुमलता राजवाड़े, उषा सिंह, इस्माइल खान,संजय डोसी,जफर हैदर,मेंहदी यादव,प्रदीप राजवाड़े, प्रदीप साहू, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, जाकेश राजवाड़े, राहुल जायसवाल, नरेन्द्र यादव, विमला सिंह,नवीन जायसवाल,महेन्द्र साहू, विद्यासागर सिंह,बिहारी कुलदीप,चंदन सिंह, विकाश सिंह,गैबीनाथ साहू,बलराम शर्मा, अविनाश यादव,लक्ष्मण राजवाड़े, संदीप शर्मा,राजेश साहू,सैयद नदीम,मुस्तफा खान,रुद्र प्रताप सिंह,लिवनेश सिंह,चन्द्रदत्त दुबे,दीपक कर,मौसिम खान,अमित पैकरा, बंटी सिंह,कलकत्ता राजवाड़े,विक्की समददार, शकील हुसैन,पारस,तनवीर,सीता शर्मा, अखिलेश ठाकुर,विष्णु साहू,सुनीता खाखा, नुमान अली,बाबू खान,सुमीत सोनी,प्रेम राजवाड़े एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई मेरे जीवन का लक्ष्यःमनोज साहू

-संवाददाता-
कोरिया, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री एवं युवा नेता मनोज साहू ने सोनहत क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर संघर्ष का ऐलान किया है उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार हमारे समाज को गहराई से प्रभावित कर रहा है। भ्रष्टाचार एक ऐसा रोग है जो हमारे समाज को खोखला कर रहा है,और हमें इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा।



विगत वर्षों में शासकीय योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण हमारे समाज में गरीबी, बेरोजगारी,और असमानता बढ़ रही है। यह हमारे समाज की तरक्की को रोकता है और हमारे युवाओं के भविष्य को खराब करता है। भ्रष्टाचार के कारण हमारे क्षेत्र की छवि भी खराब होती है। वर्तमान में प्रदेश की सरकार की नीति स्वच्छ एवं पारदर्शी है, जमीनी स्तर पर सही क्रियान्वयन में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है,हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना आसान नहीं है, लेकिन यह जरूरी है। हमें इसके लिए एकजुट होकर काम करना होगा। हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी और इसके खिलाफ लड़ने वाले लोगों का समर्थन करना होगा।

### हमारी जिम्मेदारी बड़ी,एकजुटता जरूरी

हमारी जिम्मेदारी है कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दें। हमें अपने आसपास के लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करना होगा और उन्हें इसके खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करना होगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई एक लंबी और कठिन लड़ाई है,लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमें इसके लिए एकजुट होकर काम करना होगा और अपने समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए काम करना होगा। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आइए हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हों और अपने समाज को बेहतर बनाने के लिए काम करें।

### आखिरी साँस तक लडूंगा...

युवा नेता मनोज साहू ने बयान जारी कर कहा है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आखिरी साँस तक लडूंगा। मैं सभी सोनहत वासियों से अपील करता हूं कि आइए हम भी इस लड़ाई में शामिल हों और अपने समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए काम करें।

## भूमि रिकार्ड में फर्जीवाड़ाः पुलिस के गिरफ्त में आये दो आरोपी,नौ अन्य आरोपियों की तलाश जारी.

-संवाददाता-
बलरामपुर, 19 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के तहसील राजपुर अंतर्गत ग्राम आरा में पट्टे की जमीन को लेकर बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। राजस्व अभिलेखों में कूटरचना और बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के फर्जी नामांतरण के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि नौ अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर ने कलेक्टर बलरामपुर के आदेश के तहत गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम आरा के खाता क्रमांक 117, 131,158, 35,164, 112,118 और 37 में अवैध रूप से नाम दर्ज कराए गए हैं, जो पूरी तरह से फर्जी हैं।इन जमीनों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था,जिस पर शासन द्वारा गठित जांच समिति ने जमीनी दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड की गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपी। जांच में पाया गया कि बिना सक्षम आदेश के खसरा-पंचसाला जैसे रिकॉर्ड में नाम जोड़ दिए गए हैं। इस मामले में कमरूदीन अंसारी पिता मोहिउदीन अंसारी (उम्र 62 वर्ष) निवासी कुन्दीकला थाना लुंड्रा जिला सरगुजा और मुमताज जुलाहा पिता सुलेमान (उम्र 45 वर्ष) निवासी आरा बरियों,थाना राजपुर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुराने पट्टों, रजिस्ट्री और ऋण पुस्तिका के आधार पर अपनी जमीन होने की बात स्वीकार की,लेकिन अभिलेखों में नाम दर्ज कराए जाने की प्रक्रिया में अनियमितता सामने आई। कमरूदीन ने बताया कि उसे सिंहदेव योजना में वर्ष 1978-79 में 1.092 हेक्टेयर भूमि मिली थी, लेकिन बाद में अन्य नाम बिना प्रक्रिया के दर्ज किए गए। वहीं मुमताज ने बताया कि उसने 2005 में रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन खरीदी थी, जिसे 2023 में इकबाल नामक व्यक्ति को बेच दिया। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए स्थानीय पटवारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरी. रविन्द्र प्रताप सिंह, प्र.आर. प्रदीप यादव,भदेश्वर पैकरा, विजय गुप्ता, बृजभान पैकरा,आर. जगनाथ केराम,सुबोध पैकरा,सुरेन्द्र रवि, रंजित गुप्ता,अनिल एक्का,म.आर. सरिता,चमेली शामिल रहे।



**NAME CHANGE**

I JASMIN RANI EKKA, Daughter of Bhaio Ekka Residing at nawapava Ambikapur surguja chhattisgarh, how changed my Ekka as name to Yasmin Ekka as per affidavit number 270722 Dated 15/07/2025 sworn before Notary public Vidyanand Mishra

CONTACT NO-
vasundhara ekke
84351-01763

**न्यायालय तहसीलदार,रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**

क्रमांक/670/ वाचक/तह. /2025
रामानुजगंज दिनांक-28/4/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम रामानुजगंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैष्णव जायसवाल आ0 मनोज जायसवाल निवासी नगर रामानुजगंज थाना व तहसील रामानुजगंज जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) के द्वारा स्वयं का आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि उक्त जाच बिन्दु में वर्णित तथ्य के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक-30/07/2025 को अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक-15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
रामानुजगंज
जिला बलरामपुर रा.गंज, (छ0ग0)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202507020700048/**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सनः-2024-2025

मणीपुर (प ह न. 00022),
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -**
तारामणी टोप्पो,
**अनावेदक पक्षकार** -सिलवानुस.

**ईश्तहार**

आवेदक तारामणी टोप्पो पति सिलबानुस टोप्पो व अन्य निवासी टी0 टी0 एस0 टाईप-1/198 विध्यानगर सिंगरौली,म0प्र0 के द्वारा ग्राम मणीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 230/1,230/2 रकबा 0.101 ,0.101 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार सिलबानुस टोप्पो का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202507020700031/**

विषयः- अ-27 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सनः-2024-2025

फुन्दुरडिहारी (प ह न. 00016),
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार-** जोसेफ कुजूर, दोरोथिया,आशुतोष,अमर,अक्षय,विवेक कृपावती
**अनावेदक पक्षकार** -जोसेफ कुजूर दोरोथिया,आशुतोष,अमर,अक्षय विवेक कृपावती

**ईश्तहार**

आवेदक दोरोथिया टोप्पो आ0 स्व0 ज्वाकिम कुजूर पत्नी फिलमोन टोप्पो, निवासी बीच अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 89/6, 90, 91/3 रकबा क्रमशः 0.057,0.016,0.008 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11.08.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दादा आपत्ति पर कोई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार
अम्बिकापुर

## इंग्लैंड में नहीं खेलेगा धाकड़ भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़



**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025।** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ अब काउंटी चैंपियनशिप 2025 के बाकी बचे सत्र में यॉर्कशायर की ओर से खेलते नजर नहीं आएंगे। क्लब ने 18 जुलाई को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रुतुराज ने व्यक्तिगत कारणों के चलते टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। उन्होंने पहले यॉर्कशायर के साथ 5 मैचों का करार किया था और 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ अपना डेब्यू करने वाले थे। हालांकि, गायकवाड़ ने अचानक इस करार से पीछे हटने का फैसला किया, जिसके पीछे की असल वजह अभी सामने नहीं आई है। क्लब और कोचिंग स्टाफ को भी इस फैसले की जानकारी हाल ही में मिली, जिससे टीम मैनेजमेंट को एकाएक झटका लगा है।

# ऋषभ पंत के पास नंबर 1 बनने का मौका

**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच का इंतजार फैंस बेसब्री के साथ कर रहे हैं। इस सीरीज में टीम इंडिया फिलहाल 1-2 से पीछे है। ऐसे में भारतीय टीम मैनचेस्टर में खेले जाने वाले टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज में बराबरी करना चाहेगी। आगामी टेस्ट मैच में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। वह अब डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं।

### रोहित शर्मा को पीछे छोड़ सकते हैं ऋषभ पंत

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज इस वक्त रोहित शर्मा हैं।



हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित ने डब्ल्यूटीसी में 40 मैचों में 2716 रन बनाए थे। वहीं दूसरे नंबर पर ऋषभ पंत का नाम है। पंत ने अब तक 37 मैचों में 2677 रन बनाए हैं। उनको रोहित से आगे निकलने के लिए 40 रन की जरूरत है। अगर पंत मैनचेस्टर में खेले जाने वाले टेस्ट मैच में 39 रन बनाते हैं तो वह रोहित शर्मा की बराबरी कर लेंगे। वहीं 40 रन बनाते ही वह रोहित से आगे निकल जाएंगे। डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो वहां तीसरे नंबर पर पूर्व दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज विराट कोहली का नाम है। उन्होंने 46 मैचों में 2617 रन बनाए थे। चौथे नंबर पर टीम इंडिया के मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का नाम है। गिल ने डब्ल्यूटीसी में अब तक 35 मैचों में 2500 रन बनाए हैं। पांचवें नंबर पर दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम है। जडेजा ने 42 डब्ल्यूटीसी मैचों में 2212 रन बनाए हैं।

### डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

रोहित शर्मा:-2716 रन (40 मैच)
ऋषभ पंत:- 2677 रन (37 मैच)
विराट कोहली:- 2617 रन (46 मैच)
शुभमन गिल:- 2500 रन (35 मैच)
रवींद्र जडेजा:- 2212 रन (42 मैच)

### इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में ऋषभ पंत का प्रदर्शन

ऋषभ पंत की बात करें तो इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों की छह पारियों में 70.83 के औसत से 425 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 78.41 का रहा है। पंत इस सीरीज में अब तक 2 शतक और 2 अर्धशतक लगा चुके हैं और उनका हाईएस्ट स्कोर 134 रन है। वहीं डब्ल्यूटीसी में अब तक पंत ने 66 पारियों में 43.17 के औसत से 2677 रन बनाए हैं। वहां उनके नाम 6 शतक और 15 अर्धशतक दर्ज हैं और उनका हाईएस्ट स्कोर 146 रन है।

# अब शुरू होगी शुभमन गिल की असली परीक्षा

**» पूर्व कप्तान ने चौथे टेस्ट से पहले दिया बड़ा बयान**

**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025।** इंग्लैंड दौरे के साथ ही युवा शुभमन गिल की कप्तानी की अग्नि परीक्षा शुरू हो गई थी। पहले टेस्ट में हार के बाद जिस तरह से गिल ने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को शानदार जीत दिलाई, उसने दिग्गज क्रिकेटरों को काफी प्रभावित किया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि भारत के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक शानदार बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन अभी असली परीक्षा होना बाकी है। भारत को लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रन से हार का सामना करना पड़ा था, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में बढ़त बना ली। अब दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथे मुकाबले में आमने-सामने होंगी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो में लिखे अपने कॉलम में चैपल ने कहा कि टीम इंडिया अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नजरें कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। शुभमन गिल ने



अब तक बेहतरीन बल्लेबाजी कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है और बेहतरीन कप्तानी की काबिलियत की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा। चैपल ने भारतीय टीम की फील्डिंग पर भी चिंता जताई और कहा कि इस स्तर पर खराब फील्डिंग भारत को भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारत फिर से एक लचर फील्डिंग वाली टीम बनने का जोखिम नहीं उठा सकता। बेहतरीन टीमें मैदान में चुस्त होती हैं, अतिरिक्त रन नहीं देतीं और मौके नहीं गंवातीं।

### खिलाड़ियों पर भरोसा जताना होगा

ग्रेग चैपल ने शुभमन गिल को सलाह दी कि वे अपनी कोर टीम के साथ बने रहें और सिलेक्टर्स के साथ मिलकर उन खिलाड़ियों पर भरोसा जताएं जो कठिन परिस्थितियों में मैच जिता सकते हैं। उन्होंने कहा कि गिल और सिलेक्टर्स को उन खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी जो दबाव में प्रदर्शन कर सकते हैं। कप्तान को हर खिलाड़ी की भूमिका स्पष्ट रूप से समझानी चाहिए, ताकि सभी को अपनी जिम्मेदारी का पता हो। चैपल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब टीम इंडिया सीरीज में पिछड़ रही है और अगला टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है। शुभमन गिल के पास न सिर्फ भारत को सीरीज में वापस लाने का मौका है, बल्कि खुद को एक भरोसेमंद और रणनीतिक कप्तान के तौर पर स्थापित करने का भी सुनहरा मौका है।

## केएल राहुल के पास इतिहास रचने का मौका



**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 टेस्ट मैचों की रोमांचक सीरीज में जहां शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा है, वहीं अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कठिन परिस्थितियों में लगातार अहम पारियां खेलकर अपनी उपयोगिता साबित की है। भारतीय टीम के लिए मौजूदा सीरीज में राहुल संकटमोचक की भूमिका में नजर आए हैं और अब मैनचेस्टर में होने वाला चौथा टेस्ट मैच उनके लिए ऐतिहासिक साबित हो सकता है।

### इंग्लैंड में इतिहास रचने से बस 11 रन दूर

दरअसल, केएल राहुल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरे करने से सिर्फ 11 रन दूर हैं। जैसे ही वह यह आंकड़ा छूते हैं, तो वह इंग्लैंड की धरती पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। उनसे पहले यह मुकाम केवल तीन दिग्गज भारतीय सचिन तेंदुलकर (1575 रन), राहुल द्रविड़ (1376 रन) और सुनील गावस्कर (1152 रन) ही हासिल कर सके हैं। अब तक राहुल ने इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में 41.20 की औसत से 989 रन बनाए हैं, जिनमें 4 शतक शामिल हैं। चौथे टेस्ट में एक छोटी सी पारी उन्हें भारतीय क्रिकेट इतिहास के खास क्लब में शामिल कर देगी।

### सीरीज में दिखाया दम

वर्तमान इंग्लैंड दौरा केएल राहुल के लिए अब तक बेहद सफल रहा है। उन्होंने 3 टेस्ट मैचों में 62.50 की औसत से 375 रन बनाए हैं। उन्होंने सीरीज का आगाज लीड्स में एक शानदार शतक (107 रन) के साथ किया। इसके बाद एजबेस्टन में दूसरी पारी में 55 रनों की जिम्मेदार पारी खेली। लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 100 रन की शानदार पारी खेली, जो 177 गेंदों में आई थी। हालांकि दूसरी पारी में वह सिर्फ 39 रन ही बना सके। केएल 5 मैचों की सीरीज में अब तक 375 रन बना चुके हैं और चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### केएल राहुल से काफी उम्मीदें...

भारत टेस्ट सीरीज सीरीज में 1-2 से पीछे है और मैनचेस्टर में 23 जुलाई से शुरू होने वाला चौथा टेस्ट मैच न सिर्फ सीरीज को बराबरी पर लाने का मौका देगा, बल्कि केएल राहुल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का मौका भी बन सकता है।

## दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला टेनिस खिलाड़ी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025।** दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला टेनिस खिलाड़ी के रूप में जानी जाने वाली यूजनी बूचार्ड ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। बूचार्ड का टेनिस करियर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। बूचार्ड ने अपने शानदार खेल से वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-5 तक पहुंचने में सफल रही। इसके अलावा उन्होंने विंबलडन 2014 के फाइनल में भी जगह बनाई थी। टेनिस करियर में उनकी उपलब्धि के तौर पर 2014 नूर्नबर्ग कप में डब्ल्यूटीए सिंगल खिताब भी दर्ज है। शुरुआत में दमदार खेल के सुर्खियों में आई बूचार्ड के लिए चीजें तब और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई थी जब उनके प्रदर्शन में गिरावट आई और वह विश्व रैंकिंग में नीचे खिसक गईं।

# भारत की यूएई पर शानदार जीत

### क्वॉर्टर फाइनल में भारत की मिक्स्ड टीम

**सोलो, 19 जुलाई 2025।** भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के ग्रूप-डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यूएई को हराने से पहले भारत ने ओपनिंग-डे में श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, हांगकांग चाइना ने भी अपने दोनों मुकाबले जीतकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली है। अब भारत और हांगकांग की टीमें रविवार को आमने-सामने होंगी, जिसमें ग्रूप-डी की विजेता टीम का फैसला होगा। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जहां टीमों के बीच 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने की होड़ होती है। भारत की शुरुआत शानदार रही है, महिला सिंगल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद सी. लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया। भारत ने पूरे मुकाबले के दौरान बढ़त बनाए रखी। हालांकि, यूएई की ओर से कुछ मैचों में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। हाफटाइम तक स्कोरबोर्ड पर भारत 55-41 से आगे था। इसके बाद, यूएस ओपन की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को 66-46 तक पहुंचा दिया। फिर लालरामसांगा ने दोबारा कोर्ट पर वापसी की, इस बार रेशिका यू के साथ दूसरे मिक्स्ड डबल्स मुकाबले में उतरे। उन्होंने आदित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराया और भारत की बढ़त को 77-51 तक पहुंचा दिया। भारत अब अपनी लय बरकरार रखते हुए रविवार को हांगकांग चाइना के खिलाफ जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहने की कोशिश करेगा। टीम इवेंट रिले फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें 110 अंक तक पहुंचने वाली पहली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप को बीडब्ल्यूएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है, जो इस साल के अंत में गुवाहाटी स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित की जाएगी।



# बीएमएफ टाइटल फाइट आज

**न्यू ऑरलियन्स, 19 जुलाई 2025।** मैक्स होलोवे और डस्टिन पॉयरियर 20 जुलाई को न्यू ऑरलियन्स में भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे शुरू होने वाले बीएमएफ खिताब के लिए एक रोमांचक मुख्य मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह उनकी तीसरी भिड़ंत होगी, जिसमें पॉयरियर फिलहाल सीरीज़ में 2-0 से आगे चल रहे हैं। यूएफसी 300 में जस्टिन गेथजे को आखिरी सेकंड में नॉकआउट करके यूएफसी बेल्ट जीतने वाले होलोवे अपने तेज़ हाथों, तेज़ स्ट्राइकिंग और



अविश्वसनीय सहनशक्ति के लिए जाने जाते हैं। पिछले साल इलिया टोपुरिया से मिली नॉकआउट हार के बाद वह वापसी करना चाहते हैं और आखिरकार पॉयरियर पर जीत हासिल करना चाहते हैं। दूसरी ओर, यह डस्टिन पॉयरियर का रिटायरमेंट फाइट होने की उम्मीद है, और वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने लड़ रहे हैं। पॉयरियर एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जिनका दिल बड़ा है, उनके पंच शक्तिशाली हैं और फिनिशिंग की क्षमता भी अच्छी है। वह यूएफसी बेल्ट जीतकर खिताब जीतना चाहते हैं।

# हॉकी इंडिया ने एशिया कप से पहले सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु, 19 जुलाई 2025।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित खिलाडियों की घोषणा की। यह शिविर 21 जुलाई से 29 अगस्त तक बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में आयोजित होगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय महिला टीम 5 सितंबर से चीन के हांग्जो में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी कर रही है। यह टूर्नामेंट 2026 एचआईएफ महिला विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का रास्ता बनेगा, जिसमें केवल चैंपियन टीम ही जगह पक्की कर पाएगी। पिछले शिविर के सभी खिलाडियों को बरकरार रखा गया है, जो मौजूदा कोचिंग व्यवस्था में स्थिरता और दीर्घकालिक विकास पर निरंतर जोर को दर्शाता है। गोलकीपिंग में अनुभवी खिलाड़ी सविता, बिचु देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किंडो के साथ-साथ असम हॉकी की उभरती हुई प्रतिभा समीक्षा सक्सेना भी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया था। फॉरवर्ड लाइन में चपलता और फिनिशिंग क्षमता का एक मज़बूत मिश्रण है, जिसमें नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, संगीता कुमारी, रुतुजा दादासो पिसल, मुमताज़ खान, ब्यूटी डुंगडुंग, अन्नू, ऋतिका सिंह, दीपिका मोनिका टोप्पो, चंदना जगदीश और काजल सदाशिव अटपडकर जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम एशिया में अपनी पिछली सफलताओं को आगे बढ़ाने और हाल ही में संपन्न एफआईएच प्रो लीग में चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन के बाद खुद को सुधारने की कोशिश करेगी, जहाँ यूरोपीय चरण के दौरान उन्हें अपनी फॉर्म हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा था।






# सैयारा के तूफान के बीच सन ऑफ सरदार 2 हुई पोस्टपोन

### ये है अजय देवगन की फिल्म की नई रिलीज डेट

अजय देवगन और मृणाल ठाकुर स्टारर सन ऑफ सरदार 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी है। कॉमेडी ड्रामा फिल्म, जो पहले 25 जुलाई, 2025 को रिलीज़ होने वाली थी, अब 1 अगस्त, 2025 को सिल्वर स्क्रीन पर आएगी। हालांकि, निर्माताओं ने इसके पीछे का कारण अभी तक नहीं बताया है, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि ये मोहित सूरी की सैयारा का असर है। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसने पहले ही दिन डबल डिजिट में कमाई की है।

### मेकर्स ने नई रिलीज डेट का किया ऐलान

शनिवार को मेकर्स की ओर से एक पोस्ट के साथ इस खबर को साझा किया और लिखा, जस्सी पाजी और टोली आपको 1 अगस्त 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में देखेंगे। यह फिल्म विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित और मोहित जैन और जगदीप सिद्धू द्वारा लिखित है। इसमें अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ कुब्रा सैत, नीरू बाजवा, संजय मिश्रा, रवि किशन, मुकुल देव और अन्य मुख्य भूमिका में हैं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह फिल्म 2012 में आई फिल्म सन ऑफ सरदार की दूसरी किस्त है। जाने-माने फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने सन ऑफ सरदार 2 को पोस्टपोन किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा-समझदारी भरा फैसला-अजय देवगन -जियो स्टूडियो सन ऑफ सरदार 2 को अब एक हफ्ते बाद-1 अगस्त 2025 को रिलीज करेंगे..यूजर्स भी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते दिखे और मेकर्स के फैसले की तारीफ करते दिखे।



## टीम महारानी की मानसी पारेख और विरल शाह ने क्षेत्रीय सिनेमा को सराहा

बहुप्रतीक्षित गुजराती ड्रामा महारानी के सदस्यों-अभिनेत्री मानसी पारेख और निर्देशक विरल शाह ने बॉलीवुड की तुलना में क्षेत्रीय सिनेमा की सराहना की। एक विशेष बातचीत के दौरान, उनसे पूछा गया कि क्या क्षेत्रीय सिनेमा की कहानियाँ बॉलीवुड की तुलना में ज़्यादा प्रामाणिक होती हैं? इस पर, विरल ने जवाब दिया कि क्षेत्रीय सिनेमा में प्रामाणिकता होती है क्योंकि यह उस विशेष क्षेत्र की संस्कृति में गहराई से निहित होता है, जबकि बॉलीवुड में सामान्यीकरण की प्रवृत्ति होती है क्योंकि इसे व्यापक, अधिक सार्वभौमिक दर्शकों को आकर्षित करना होता है। बात करते हुए, निर्देशक ने कहा, हालांकि, क्षेत्रीय फ़िल्में स्थानीय संस्कृति की बारीकियों में गहराई से उतर सकती हैं, जिससे कहानियाँ ताज़ा और अधिक वास्तविक लगती हैं। दूसरी ओर, बॉलीवुड को अक्सर सभी को आकर्षित करने के लिए कुछ बारीकियों से समझौता करना पड़ता है। अपनी राय साझा करते हुए, मानसी ने कहा, क्षेत्रीय फिल्म निर्माता अक्सर अपने दर्शकों के ज़्यादा करीब होते हैं।

# विधानसभा में जनविश्वास विधेयक पारित

## अब आपराधिक मुकदमा नहीं...लगेगा जुर्माना...

**रायपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के आखिरी दिन जनविश्वास विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस विधेयक को विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए भारतीय न्याय संहिता की तर्ज पर, छत्तीसगढ़ अब मध्य प्रदेश के बाद दूसरा राज्य बन गया है, जिसने जनविश्वास विधेयक पारित किया




है। साय ने बताया,इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में रोजगार व्यवसाय को आसान बनाने के साथ-साथ गैर अपराधिक श्रेणी के मामलों में व्यापारियों एवं आम नागरिकों न्यायालयीन मुकदमे से संरक्षित करना और एक सुगम व्यावसायिक एवं जिम्मेदारी पूर्ण वातावरण तैयार करना है। यह विधेयक दंड देने के बजाय व्यवसाय को दिशा देने और ऐसी नीति बनाने में सहायक है, जो व्यावहारिक और संवेदनशील हों। इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह आम नागरिकों और कारोबारियों द्वारा किए गए छोटे-मोटे तकनीकी उल्लंघनों को आपराधिक श्रेणी से हटाकर जुर्माने (शास्ति) के दायरे में लाता है। इससे अनावश्यक मुकदमेबाजी और अदालतों पर बोझ कम होगा, साथ ही नागरिकों को छोटी गलतियों के लिए आपराधिक मामलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## विधेयक में 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में हुआ संशोधन

इस विधेयक में छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम,सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, और छत्तीसगढ़ सहकारिता सोसायटी अधिनियम से संबंधित 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में बदलाव किया गया है।विधेयक का लक्ष्य उद्यमियों को नियामकीय सूचनाओं से संबंधित देरी के लिए आपराधिक मुकदमे के डर से मुक्ति दिलाना है। अब ऐसे मामलों में केवल प्रशासकीय जुर्माना लगेगा, जिससे व्यापार व्यवसाय में आसानी होगी। विधेयक में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधान में भी संशोधन किया गया है। सार्वजनिक स्थल पर शराब के उपभोग के मामले में पहली बार सिर्फ जुर्माना और इसकी पुनरावृत्ति के मामले में जुर्माना और कारावास का प्रावधान किया गया है। इसी तरह नगरीय प्रशासन विभाग के अधिनियम के तहत मकान मालिक द्वारा किराया वृद्धि की सूचना नहीं दिए जाने के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के प्रावधान को संशोधित कर अब अधिकतम 1,000 रुपये की शास्ति का प्रावधान किया गया है।इसी तरह किसी सोसायटी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन दाखिल करने के मामले में विलंब की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई के प्रावधान को संशोधित कर नाममात्र के आर्थिक दंड में बदल दिया गया है। विशेषकर महिला समूहों के मामलों में इसे और भी न्यूनतम रखा गया है। यदि कोई संस्था गलती से सहकारी शब्द का उपयोग कर लेती थी, तो उसे आपराधिक मुकदमे और दंड के प्रावधान के स्थान पर अब केवल प्रशासनिक आर्थिक दंड का प्रावधान है।



# चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर गरमाई प्रदेश की सियासत

## 22 जुलाई को कांग्रेस करेगी उग्र प्रदर्शन

**रायपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** विधानसभा सत्र के आखिरी दिन कांग्रेस ने बड़ा हमला बोलते हुए बीजेपी पर मुद्दों से भटकाने और विपक्ष को फर्जी मामलों में फंसाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि तमनार में हो रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को लेकर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लाने वाला था, लेकिन उससे पहले ही मेरे बेटे को निशाना बनाया गया जबकि उनका राजनीति से कोई लेना-देना ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जनता के साथ अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई है। यह बातें आज भूपेश बघेल ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।वहीं भाजपा के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया, डबल इंजन की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। जनता ने भाजपा को नकार दिया है,लेकिन फिर भी सत्ता में बने रहने के लिए विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसाया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि 22 जुलाई को कांग्रेस एक बड़ा प्रदर्शन करेगी। भ्रष्टाचार का शोर मचाने वाले अब खुद चुप क्यों हैं? चुनाव से ठीक पहले महादेव सट्टा ऐप के बहाने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर 508 करोड़ का आरोप लगाया गया। लेकिन अब उस मुद्दे पर कोई चर्चा क्यों नहीं होती? महादेव सट्टा ऐप बंद हुआ क्या? और वो रवि उत्पल, जिसे भाजपा हीरो बना रही थी, उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया?कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश की जनता अब भी उनके शासन को याद करती है और यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है चाहे पर्यावरण हो, कानून व्यवस्था या पारदर्शिता। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि 22 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन में कांग्रेस राज्यभर से कार्यकर्ताओं को बुला रही है।

### चैतन्य बघेल की गिरफ्तार के मामले में प्रियंका गांधी की इंट्री...कही ये बात...

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तार के मामले में अब कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की इंट्री हो गई। प्रियंका गांधी वाड्रा ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट



कर सरकार जंगलों को अडानी को देने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा- पिछले 11 सालों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल जी के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा-भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए छत्तीसगढ़ के राजशेखर पैरी

» दुनियाभर में रोशन होगा प्रदेश का नाम

**पेण्ड्रा, 19 जुलाई 2025(ए)।** टाइटन्स स्पेस इंडस्ट्रीज ने अपने पहले मिशन के लिए भारतीय मूल के



एयरोस्पेस और मैकेनिकल इंजीनियर राजशेखर पैरी को अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना है। राजशेखर वर्तमान में ऑर्बिटालॉकर में प्रोजेक्ट मैनेजर-इंजीनियरिंग के पद पर कार्यरत हैं।

### पति नहीं मांग सकता पत्नी के फोन का पासवर्ड



**बिलासपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पति अपनी पत्नी को उसकी निजी जानकारी, संचार माध्यमों, मोबाइल फोन या बैंक खातों के पासवर्ड साझा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। ऐसा करना निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा, जो परिस्थितियों के अनुसार घरेलू हिंसा की श्रेणी में भी आ सकता है। यह फैसला न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे की एकलपीठ ने उस मामले में सुनाया, जिसमें पति ने पत्नी की काल डिटेल रिकार्ड मांगते हुए उसे चरित्रहीन ठहराने की कोशिश की थी।

### 61 वर्षीय महिला से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 90 लाख की ठगी




**फेसबुक विज्ञापन से शुरू हुई जालसाजी**

**रायपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** रायपुर के नया रायपुर सेक्टर-27 की रहने वाली माया तिवारी (उम्र 61 वर्ष) से ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर करीब 90 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। उन्होंने इस संबंध में थाना राखी में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी के.के. श्रीवास्तव पर 8 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** बिलासपुर के सिविल लाइन थाने में के.के. श्रीवास्तव के खिलाफ



करीब 8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। श्रीवास्तव, जो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं, पर आरोप है कि उन्होंने अमलताश कॉलोनी प्रोजेक्ट में पार्टनरशिप के तहत हुए मुनाफे में से अपने दिवंगत साझेदार के परिजनों को उनका हिस्सा नहीं दिया।

# छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अभिनव बिंद्रा ने की मुलाकात

» आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

» छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन,स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के लिए होगा कार्य...



**रायपुर, 19 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब आकाश को छूएंगी। राज्य के खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दक्ष बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। संवर्धन संभव हो सकेगा।

# केस लड़ते-लड़ते टी आई की मौत

## 26 साल बाद मिला न्याय,महासमुंद में रिश्वत लेने के आरोप पर मिली थी सजा

**महासमुंद, 19 जुलाई 2025(ए)।** रिश्वत लेने के आरोप में फंसे एक थानेदार की केस लड़ते-लड़ते मौत हो गई। अब करीब 26 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद दिवंगत थाना प्रभारी को हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस संजय अग्रवाल ने ट्रायल कोर्ट की सजा को निरस्त कर दिया है।कोर्ट ने माना है कि, जिस रिश्वत की मांग की बात की गई, उसका कोई औचित्य नहीं बनता, क्योंकि शिकायतकर्ता और उसके परिजन को पहले ही जमानत पर रिहा कर दिया गया था। फिर दो दिन बाद उसी जमानत की एवज में पैसे की मांग करने का आरोप असंभव लगता है। मामला महासमुंद के बसना थाने का है। ग्राम थुरीकोना निवासी जैतराम साहू ने सहनी राम, नकुल और भीमलाल साहू के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर बसना थाने में 8 अप्रैल 1990 में एफआईआर की गई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी गणेशराम शेंडे ने कार्रवाई की थी। मामला आईपीसी की धारा 324 के




तहत जमानती था, इस वजह से तीनों आरोपियों को उसी दिन मुचलके पर रिहा कर दिया गया।लेकिन,इसके दो दिन बाद 10 अप्रैल 1990 को एक आरोपी भीमलाल साहू ने रायपुर लोकायुक्त एसपी को शिकायत की थी। जिसमें बताया कि उसे रिहा करने के बदले में एक हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। इस शिकायत के आधार पर लोकायुक्त की टीम ने रेड की। जिसमें थाना प्रभारी शेंडे को रंगे हाथों पकड़ा गया था।

**भ्रष्टाचार केस में ट्रायल कोर्ट ने सुनाई सजा**

इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी पर केस दर्ज किया गया। साथ ही उन्हें गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया। लोकायुक्त ने साल 1999 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 13(1)(D) के साथ धारा 13(2) के तहत चालान पेश किया।जिस पर कोर्ट ने थाना प्रभारी को दोषी ठहराते हुए तीन साल कैद और दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ शेंडे ने हाईकोर्ट में अपील की थी। अपील लंबित रहते ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद उनकी पत्नी ने अपने पति का केस लड़ा।

### गुमशुदा पोस्टर वायरल होते ही सामने आये विधायक,देने लगे सफाई



**रायपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** गायब विधायक का पोस्टर महासमुंद के साथ खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर लगाया गया है। पोस्टर मे लिखा गया है कि विधायक गुम हो गए हैं और खोजकर बताने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा। महासमुंद विधानसभा के किसान, बेरोजगार छात्र एवं महिलाएं अपनी समस्याओं को सुलझाने के लिए विधायक की तलाश कर रहे हैं, लेकिन विधायक मिल नहीं रहे हैं। पोस्टर मे अपीलकर्ता तुमगांव, सिरपुर क्षेत्र के किसान एवं महिलाओं को बताया गया है। पोस्टर में करणी कृपा स्टील एंड पावर प्लांट पर विधायक को छुपाकर रखने की आशंका जाहिर करते हुए कटाक्ष भी किया गया है।

# मंत्रिपरिषद की उप समिति की बैठक सम्पन्न




**रायपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में 18 जुलाई को विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज अपराधों पर मंत्रिपरिषद की उपसमिति की बैठक विधानसभा परिसर, रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्रिपरिषद के उप समिति के सदस्य उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद उपसमिति की बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों में से 15 प्रकरणों की समीक्षा की गई। मंत्रिपरिषद उपसमिति द्वारा इन अनुशंसाओं को मंत्रिपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि अब तक मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में 139 विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों को प्रस्तुत किया जा चुका है जिसमे से 126 प्रकरणों को कैबिनेट की बैठक में अनुशंसा प्राप्त की जा चुकी है।

# सालभर की खामोशी के बाद फिर सक्रिय हुए नक्सली,लगाया गांव में बैनर

## बसवा राजू समेत अन्य नक्सली नेताओं की किया याद में शहीदी सप्ताह

**जगदलपुर, 19 जुलाई 2025(ए)।** बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के कुंआकोंडा थाना क्षेत्र के पालनार गांव में सालभर की खामोशी के बाद नक्सली गतिविधि फिर शुरू हो गई है। नक्सलियों ने पालनार में बैनर-पोस्टर लगाकर सनसनी फैला दी है। अरसे बाद



नक्सलियों ने बैनर-पोस्टरों के जरिए इस इलाके में फिर से अपनी उपस्थिति दिखाने की कोशिश की है। पालनार- फूलपाड़ मार्ग पर लगाए गए बैनर पोस्टरों में नक्सलियों ने अपने नेता चारु मजूमदार, कन्हाई चटर्जी और हाल ही में मारे गए शीर्ष कैडर बसवा राजू को याद करते हुए सालाना शहीद स्मृति सप्ताह मनाने की अपील आम जनों से की है। पालनार इलाके में बीते एक साल से ज्यादा वक्त से इस तरह के बैनर-पोस्टर लगाने की घटनाएं थमी हुई थी, मगर अब फिर से नक्सलियों की उपस्थिति की से लोग सहमे हुए हैं।

# फिर सक्रिय हुआ अमित जोश गैंग

## बीएसपी कर्मी पर तलवार से हमला

**दुर्ग, 19 जुलाई 2025(ए)।** जिले के भिलाई शहर में कुख्यात अमित जोश गैंग' एक बार फिर से सक्रिय होता नजर आ रहा है। एनकाउंटर में मारे जा चुके अमित जोश के जीजा लकी जॉर्ज और उसके साथी यशवंत



नायडू पर बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) कर्मी चन्द्रकान्त वर्मा पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।जानकारी के अनुसार, चन्द्रकान्त वर्मा रात 10 बजे सेक्टर-5 मार्केट में सामान लेने गए थे, तभी नीले रंग की एक कार में सवार होकर लकी जॉर्ज और यशवंत नायडू वहां पहुंचे। दोनों ने वर्मा के साथ गाली-गलौच करते हुए तलवार से हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर चन्द्रकान्त वर्मा वहां से भागे और लिफ्ट लेकर बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। इलाके में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है।

# अबूझमाड़ जंगल में मुठभेड़ के दौरान 6 माओवादी ढेर

**रायपुर, 19 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बड़ी मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। बस्तर के पुलिस महा निरीक्षक सुंदर राज ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़



जंगलों में माओवादियों के जमा होने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर सुरक्षा बलों को तलाशी के लिए भेजा गया था।इसी दौरान माओवादियों का सुरक्षा बलों से सामना हुआ और दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। इसमें छह माओवादी मारे गए। कुछ अन्य जंगल में भाग गए। घटनास्थल से विस्फोटकों के साथ एके-47 और एसएलआर हथियार बरामद किए गए हैं। माओवादियों के बैठक क्षेत्र से आवश्यक वस्तुएँ और दवाइयाँ भी मिलीं।शवों और ज़ब्त की गई वस्तुओं को नारायणपुर ले जाया जा रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)